50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.2 °c | अधिकतम 24.0 °c

**आज की अमृतवाणी**
न पूरी तरह काबिल, न पूरी तरह पूरा है। हर एक शख्स कहीं न कहीं अधूरा है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:01, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 337 | बृहस्पतिवार, 08 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

अब हमें केंद्र सरकार और पीएम मोदी के सहयोग की सख्त जरूरत है : केजरीवाल




किस मामले में जैन को छुड़ाने में या किसी और को बचाने में?....

# कौन जीता कौन हारा: आज खुलेगा खतौली का पिटारा

**▸ कूकड़ा मंडी स्थल पर मतगणना के लिए तमाम तैयारियां पूर्ण ▸ डीआईजी और एसएसपी के अलावा एडीएम ने परखी व्यवस्था**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा चुनाव में चौदह प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा कल (आज) खुल जाएगा। इसके लिए आज तमाम तैयारियां पूरी कर ली गईं। डीआईजी के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और एसएसपी ने वहां सुरक्षाकर्मियों को मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी और उम्मीद है कि एक बजे तक नतीजा सामने आ जाएगा। 14 टेबिल पर 27 राउंड में वोटों की गिनती होगी।

खतौली विधानसभा उप-चुनाव के वोटों की गिनती के लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को कूकडा मण्डी स्थल पर मतगणना की तैयारियों का अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रात 8:00 बजे से आरंभ की जाएगी। सबसे पहले प्रातः 6:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार से पोस्टल बैलट पेटियों को सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में कूकडा मंडी मतगणना स्थल पर लाया जाएगा तत्पश्चात 8:00 बजे से ईवीएम खोलकर मतगणना आरंभ की जाएगी। मतगणना हेतु समस्त ड्यूटियां एवं प्रशिक्षण कार्मिक नियुक्त किये गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराई जाएगी।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर सुधीर कुमार सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के साथ कूकडा मण्डी स्थल पर बनाये गये स्ट्रांग रुम में की गई त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सिविल पुलिस व आर्मड पुलिस(पीएसी) को तैनात किया गया है। इसमें इनर कार्डन में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल तथा आउटर कार्डन में सिविल पुलिस व आर्म्ड पुलिस(पीएसी) को तैनात किया गया है। पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल स्ट्रांग रुम व उसके आस-पास 24 घण्टे तैनात है तथा सीसीटीवी कैमरों द्वारा निरंतर स्ट्रांग रुम की निगरानी रखी जा रही है । स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु समय समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में डीआईजी द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रुम ड्यूटी पर तैनात सिविल पुलिस, पीएसी व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि सावधानी और सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को स्ट्रांग रूम के आसपास ना आने दिया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, क्षेत्राधिकारी नई मण्डी हिमांशु गौरव, क्षेत्राधिकारी चुनाव डॉ. रविशंकर सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। डीआईजी सुधीर कुमार सिंह द्वारा स्ट्रांग रुम के अन्दर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों से सतर्क दृष्टि रखते हुए 24 घण्टे निरंतर निगरानी की जाए तथा हर छोटी-बड़ी सूचना से तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाये।

शेष-पृष्ठ 4 पर

## मतगणना के दौरान कूकड़ा मण्डी के मार्ग रहेंगे बंद

**▸ मतगणना कर्मचारी और मीडिया कर्मी मण्डी के गेट नम्बर-1 से करेंगे प्रवेश**
**▸ मतगणना अभिकर्ताओं को मण्डी के गेट नम्बर चार (बाबूराम गेट) से मिलेगा प्रवेश**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव के लिए गुरुवार को होने वाली मतगणना के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। मण्डी के चारों तरफ के मार्ग आम जनता के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। मतगणना कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों को गेट नम्बर एक और मतगणना अभिकर्ताओं को गेट नम्बर चार से प्रवेश मिलेगा। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से जारी निर्देशों में कहा गया है कि टिकैत चौक से बालाजी चौक, विश्वकर्मा चौक से बाली जी चौक, बाला जी मार्ग से पाल चौक मार्ग सामान्य यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेगा। असुविधा से बचने के लिए आम जनमानस से वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने का अनुरोध किया गया है। बताया गया है कि मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को नवीन मण्डी कूकडा के गेट नम्बर एक से प्रवेश दिया जायेगा, जबकि मतगणना हेतु राजनीतिक दलों के द्वारा बनाये गये अभिकर्ताओं को गेट नम्बर चार से एंट्री दी जायेगी। मीडिया कर्मियों को भी गेट नम्बर एक से भेजने की व्यवस्था की गयी है। एसपी यातायात कुलदीप सिंह ने कहा कि कूकड़ा मण्डी के आसपास किसी तरह की भीड़ भी नहीं लगने दी जायेगी। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था मतगणना पूरी होने तक जारी रहेगी।



कूकड़ा मण्डी में मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे डीआईजी व एसएसपी।

## विजय जुलूस निकालने की नहीं होगी इजाजत

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** मतगणना का परिणाम घोषित होने के उपरान्त विजयी जुलूस निकालने की इजाजत नहीं होगी। एसएसपी ने कहा कि विजयी प्रत्याशी द्वारा विजय जुलूस निकालने का प्रयत्न किया जा सकता है, जिससे अप्रिय घटना-घटित होने की सम्भावना बनी रहती है। क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर पिकेट और गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित कर किसी भी प्रकार का जुलूस आदि नहीं निकालने तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यदि किसी असामाजिक तत्व द्वारा किसी प्रकार की झूठी अफवाह फैला कर माहौल खराब करने का प्रयत्न किया जाता है अथवा किसी भी तरह से मतगणना की प्रक्रिया में विघ्न डालने का प्रयास किया जाता है या किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे अराजक तत्वों पर कठोरतम कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## ड्रोन के माध्यम से होगी सतत निगरानी

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में सिविल पुलिस, आर्म्ड पुलिस(पीएसी) एवं केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गई है। इसके अतिरिक्त मतगणना स्थल पर स्ट्रॉन्ग रुम व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से सतत निगरानी हेतु कई टीमों को लगाया गया है तथा किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने हेतु क्यूआरटी व रिजर्व टीम का गठन किया गया है जो समस्त दंगा नियत्रंण उपकरणों के साथ रहेगी। साथ ही मीडिया सैल को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर गलत व भ्रामक खबर प्रसारित कर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।



## सिर्फ यही लोग जा सकेंगे मतगणना स्थल पर

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित कर्मियों को बताया गया कि मतगणना स्थल पर फोटो युक्त पहचान पत्र धारण करने वाले व्यक्ति या एजेण्ट को ही अन्दर प्रवेश करने दिया जायेगा। मतगणना केन्द्र के अन्दर कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रानिक वस्तुएं नहीं ले जाएगा। मुख्य प्रवेश द्वार के पास सभी उम्मीदवार/एजेण्टो की तलाशी (फ्रिस्किंग चेकिंग) ली जायेगी तथा महिलाओं के लिये महिला पुलिसकर्मियों द्वारा ही तलाशी ली जाएगी तथा उसके उपरान्त ही प्रत्येक अधिकृत व्यक्ति मेटल डिटेक्टर से ही होकर जायेगा। किसी अनाधिकृत व्यक्ति को वहां प्रवेश की इजाजत नहीं होगी।

# सड़कों पर हादसों का कहर, गई 6 की जान

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** सड़क हादसों में 5 लोगों की जान चली गई। नई मंडी क्षेत्र में भोपा रोड फ्लाईओवर पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हाइवे पर छपार क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हाइवे पर मंसूरपुर क्षेत्र में भी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुरकाजी क्षेत्र में मिल में गन्ना डालने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर निवासी 32 वर्षीय वासू गर्ग उर्फ गुड्डू बीती देर रात अपने साथी अर्जित जैन के साथ बाइक पर सवार होकर शहर से अपने घर लोट रहा था। बताया गया कि भोपा रोड ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार से आई ऑल्टो कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने वासू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने सिविल लाइन थाने पर कार चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में छपार हाईवे पर हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में छपार निवासी आशीष धीमान पुत्र ब्रजपाल ने बताया कि उसका भाई गौरव उर्फ पारुल विगत् 3 दिसम्बर की रात 9.30 बजे अपना कार्य समाप्त कर अपने घर वापस लौट रहा था। हाईवे पर एक ट्रक ने उसके भाई को चपेट में लेकर कुचल डाला। गंभीर रूप से घायल उसके भाई को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रैफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि हायर सेंटर में उपचार के दौरान आज उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुरकाजी क्षेत्र में उत्तम शुगर मिल में गन्ना डालने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सांझक निवासी 23 वर्षीय सुमित पुत्र सलेख चौधरी बीती रात ट्रैक्टर ट्रॉली में गन्ना लादकर उत्तम शुगर मिल में गन्ना डालने जा रहा था। बताया गया कि पुरकाजी क्षेत्र में नहर पटरी पर अचानक किसी वाहन के सामने आ जाने से ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई और सुमित गन्नो के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। एक अन्य हादसा तितावी क्षेत्र में पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकंदपुर के निकट हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकंदपुर निवासी 24 वर्षीय अंकुर पुत्र रणतेज बीती देर रात बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। हाइवे पर उसे तेज रफ्तार वाहन ने चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। हाईवे पर मंसूरपुर क्षेत्र में भी सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी 40 वर्षीय नीटू पुत्र रूपराम बाइक पर सवार होकर जा रहा था। मंसूरपुर क्षेत्र में हाईवे पर बेगराजपुर के निकट तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया।

# छपार टोल प्लाजा पर जमकर हुई मारपीट, जमकर चले लाठी-डंडे, पुलिस ने पांच दबोचे

**▸ टोल प्लाजा पर हरियाणा नम्बर की कार सवार लोगों और टोल कर्मियों के बीच हुई मारपीट**
**▸ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पांच कर्मचारियों का किया चालान**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** छपार टोल प्लाजा पर मंगलवार रात हरियाणा नम्बर की कार सवार युवकों और टोल कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडों का भी प्रयोग हुआ। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने टोल के पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

सूत्रों के अनुसार हरिद्वार-दिल्ली मार्ग पर स्थित छपार टोल प्लाजा पर मारपीट का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जानकारी करने पर पता चला कि मंगलवार रात साढ़े आठ बजे के करीब हरियाणा नम्बर की कार सवार लोगों का टोल की रकम को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के बाद कार सवार और टोल कर्मचारी आपस में भिड़ गये, पहले तो उनके बीच लात-घूसे चले बाद में लाठी-डंडे भी आ गये। टोल कर्मचारी कार सवार लोगों के सिर पर डंडे मारते हुए वीडियो में साफ नजर आ रहे हैं। कई दौर की हुई मारपीट में कार सवार लोगों को सड़क पर नीचे गिरा-गिरा कर पीटा गया। बताया गया है कि बाद में दूसरे वाहन चालकों ने उनमें बीच बचाव करा दिया। इस कारण वहां कार सवार लोग पुलिस को कोई भी सूचना दिये बिना आगे बढ़ गये। टोल प्लाजा प्रशासन ने भी पुलिस को कोई जानकारी देने से परहेज किया।





वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस को यह पता लगाने में देर नहीं लगी कि मारपीट का यह वीडियो कहां का है। पुलिस ने तत्काल टोल प्लाजा पर पहुंचकर वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले पांच कर्मचारियों को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस नम्बर के आधार पर कार सवार लोगों के बारे में भी जानकारी हासिल कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में दोनों पक्षों की तरफ से कोई सूचना नहीं दी गई है, वीडियो के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। यदि कोई पक्ष तहरीर देता है तो मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत



**जानसठ, 07 दिसम्बर (बु.)।** पानीपत खटीमा राजमार्ग पर बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पर उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार की देर शाम जानसठ थाना क्षेत्र के तालडा मोड निवासी चौधरी सौरभ पुत्र चौधरी प्रेम सिंह आयु लगभग 30 अपने घर से बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर जानसठ कोतवाली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह कोतवाली से पहले विवाह स्थल जानसठ फार्म के पास पहुंचा, तभी उधर से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी विश्वजीत सिंह मौके पर पहुंचे तथा घायल को उपचार हेतु जानसठ सीएचसी पर भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक युवक की आयु लगभग 30 वर्ष थी और अभी युवक की शादी भी नहीं हुई थी तथा युवक परिवार का अकेला ही चिराग था। परिजनों में युवक के मौत सूचना मिलते ही परिवार में बुरी तरह से कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कार्रवाई में जुटी थी।

# नेपाल जा रहा भाकियू नेता दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार, रिहा

**▸ दिल्ली आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को लेकर की कार्रवाई**
**▸ राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की खबर पर जुटने लगे कार्यकर्ता**
**▸ नरेश टिकैत ने लगाया सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ नेपाल जा रहे प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाकियू पदाधिकारी को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके जाने को लेकर भाकियू में नाराजगी है। राकेश टिकैत समेत अन्य लोगों को जहां जाने दिया गया, वहीं कार्यालय प्रभारी अर्जुन बालियान को उनके खिलाफ दिल्ली आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे की बात कहते हुए हिरासत में ले लिया गया। राकेश टिकैत ने फेसबुक पोस्ट कर इसकी जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि किसानों पर इस तरह का कोई अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा। यहां राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की अफवाह उड़ने के बाद जाट कॉलोनी में उनके आवास पर समर्थक पहुंचने लगे। उधर सिसौली में भी भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भाकियू समर्थकों की बैठक में सरकार पर वादा खिलाफी करने को आरोप लगाते हुए कल चक्का जाम का ऐलान कर दिया। उधर राष्ट्रीय किसान मोर्चा ने भी इसे लेकर जाम का ऐलान किया तो रात में ही अर्जुन बालियान को रिहा कर दिया गया। इसके बाद वह वापस मुजफ्फरनगर लौट आए। हालांकि राकेश टिकैत के साथ अन्य नेता नेपाल रवाना हो गए।

भारतीय किसान यूनियन सूत्रों के अनुसार संगठन के कार्यालय प्रभारी अर्जुन बालियान प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ प्रतिनिधिमंडल के साथ नेपाल दौरे पर जा रहे थे। दिल्ली में एयरपोर्ट पर उन्हें रोक दिया गया। उन्हें हिरासत में लेने का कारण बताते हुए इमिग्रेशन अधिकारियों ने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान अर्जुन बालियान पर दर्ज किए गए मुकदमे में सरकार की ओर से एनओसी न होने की वजह से उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति नहीं है। इस कार्रवाई का विरोध करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि कार्यालय प्रभारी के साथ ऐसी बदसलूकी भरी कार्रवाई घोर निंदनीय है। केंद्र सरकार अपने वादे से मुकर रही है। सरकार से हुए समझौते के दौरान दिल्ली प्रदर्शन के दौरान दर्ज मुकदमों में कोई कार्रवाई ना करने की बात सरकार ने मानी थी। अब किसान संयुक्त मोर्चा और भाकियू आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों के आधार पर की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। केंद्र व राज्य सरकारों से पत्र लिख इसका जवाब मांगा जाएगा और जरूरत पड़ी तो एसकेएम द्वारा दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाकियू कार्यकर्ता जेल जाने से नहीं डरते, लेकिन वादाखिलाफी कर झूठे मुकदमों में इस तरह की कार्रवाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री, दिल्ली के एलजी और दिल्ली पुलिस कमिश्नर के साथ राज्य सरकारों से मांग की कि कार्यालय प्रभारी की तुरंत रिहाई हो और अन्य कार्यकर्ताओं का इस तरह से किया जा रहा मानसिक उत्पीड़न तत्काल बंद हो। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मोर्चा और भाकियू अध्यक्ष चौ.नरेश टिकैत ने इस मामले को लेकर चक्का जाम का ऐलान कर दिया। हालांकि रात में अर्जुन बालियान को रिहा कर दिया गया। वह वापस मुजफ्फनगर लौट आए।

## वार्ड आरक्षण को लेकर आई दो दर्जन आपत्तियां

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका के वार्ड आरक्षण को लेकर करीब दो दर्जन से अधिक आपत्तियां आयी हैं। अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर अभी कोई आपत्ति नहीं आयी है। नगर पालिका का सीमा विस्तार करते हुए 11 गांव को पूर्ण रूप से शामिल किया गया है। इन 11 गांव के शामिल होने पर नगर पालिका में पांच वार्डों की बढ़ोतरी हुई है। अब नगर पालिका में 55 वार्ड हो गए है। निकाय चुनाव के लिए शासन स्तर से 55 वार्डों का प्रस्तावित आरक्षण जारी किया गया है। जिसमें से 19 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए है। जिसमें 2 वार्ड अनुसूचित जाति महिला, 12 वार्ड सामान्य महिला और 5 वार्ड पिछड़ा वर्ग महिला के शामिल है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के 3 वार्ड, पिछड़ा वर्ग के 9 और अनारक्षित के लिए 24 वार्ड आरक्षित किए गए है। वहीं आपत्ति दर्ज कराने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। नगर पालिका में वार्ड आरक्षण को लेकर अभी तक करीब दो दर्जन आपत्तियां आ चुकी है। ज्यादातर आपत्तियां आरक्षित वार्डों को लेकर आ रही हैं।

## दहेज में 5 लाख व कार न मिलने पर दिया तीन तलाक

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** एक विवाहिता ने अपने पति व सुसराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और देवरों पर अश्लील हरकतें करने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवाहिता का आरोप है कि दहेज में 5 लाख रुपये व कार न मिलने पर ससुराल वालों ने उसे उसके मासूम पुत्री सहित घर से निकाल दिया और उसके मायके आकर पति ने तीन तलाक दे दिया। महिला थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कस्बा खतौली के मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी विवाहिता ने बताया कि उसका निकाह मंसूरपुर क्षेत्र के गांव संधावली निवासी नईम के साथ 6 मई 2020 को हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति व ससुराल वाले दहेज में 5 लाख रुपये व कार की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने बताया कि 31 अगस्त 2021 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 2 अक्टूबर 2021 को उसके देवरों हसीन व शौकीन ने उसके कमरे में आकर उसके साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। पति से शिकायत करने पर पति ने उन्हीं का पक्ष लिया। आरोप है कि 4 अक्टूबर को उसे उसकी पुत्री के साथ घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 4 सितम्बर को पति व ससुराल वाले उसके मायके आए और पति ने उसे तीन तलाक दे दिया।

# उजड़ेगी भोपा रोड पर सड़क के दोनों ओर बसी बागडिया बस्ती

**▸ लोक निर्माण विभाग ने बस्ती में रहने वाले 19 लोगों को जारी किया नोटिस ▸ अंतिम नोटिस में दिया गया था 06 दिसंबर तक का अल्टीमेटम, अब कभी भी चल सकता है बुल्डोजर**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** शहर के भोपा रोड पर बरसों से बसी बागडियों की बस्ती अब उजड़ेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा दिये गये अंतिम नोटिस की अवधि मंगलवार को पूरी हो गई। अब कभी भी बुल्डोजर इन बस्ती पर चल सकता है। इसी के विरोध में बस्ती के लोगों ने गांधी पॉलिटेक्निक में वीतराग स्वामी कल्याण देव की प्रतिमा के समक्ष एकत्र होकर प्रदर्शन किया।

दरअसल, शहर के भोपा रोड पर सड़क के दोनों तरफ बरसों से बागडिया डेरा जमाये हुए हैं। उन्होंने एक तरह से अपनी पूरी बस्ती बसा ली है। लंबे समय के बाद लोक निर्माण विभाग को अपनी भूमि और सड़क पर अनाधिकृत कब्जे की याद आई है। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड के सहायक अभियंता की तरफ से पहले 19 लोगों मंगता, साजन, सुरमा, राजेन्द्र, दिलबर, कमल, अतिया, सुरेश, विक्की, धारा, जंगली, छतर सिंह, अनिल, अशोक, विजय, शांति, सुनीता, प्रेमो और बिंदिया को नोटिस जारी कर 24 नवंबर तक भूमि खाली कराने का आदेश दिया था। यह अवधि निकलने के बाद 29 नवंबर को फिर इन लोगों को दूसरा और अंतिम नोटिस जारी करते हुए इनको 06 दिसंबर तक भूमि पर किया गया कब्जा हटाने के लिए कहा गया था। सहायक अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग ने अपने नोटिस में कहा कि अंतिम नोटिस में दिया गया समय भी व्यतीत हो गया है, इसके बाद भी भूमि खाली नहीं की गई। इसमें उन्होंने इन सभी 19 लोगों को अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अभी भी अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो अपनी भूमि सुरक्षित करने के लिए बिना सूचना दिये ही पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही की जायेगी। लोक निर्माण विभाग के इस अंतिम नोटिस और कार्यवाही चेतावनी को लेकर यहां पर बरसों से बसे बागडिया परिवारों में रोष बना हुआ है। बुधवार को बागडिया परिवारों के लोगों ने भोपा रोड स्थित गांधी पॉलिटेक्निक परिसर में वीतराग स्वामी कल्याण देव की प्रतिमा के समक्ष एकत्र होकर कार्यवाही का विरोध कर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्यवाही उनको उजाड़ने के लिए की जा रही है, जबकि वो यहां पर बरसों से रहने के साथ अपने परिवार की रोजी-रोटी चला रहे हैं। यहां से उनको हटाया गया तो उनके सामने सर्दी के मौसम में बेघर होने का संकट बन जायेगा। इस मामले में उन्होंने जिले के आला अफसरों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर अपनी समस्या बताने की बात भी कही है।



# एमसीडी में चली झाड़ू




**नई दिल्ली, 7 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली नगर निकाय (एमसीडी) चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भाजपा के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया है। आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव में नंबर वन पार्टी बनकर उभरी है और भाजपा दूसरे नंबर पर है तो वहीं, कांग्रेस तीसरे पायदान पर है। एमसीडी के 250 वार्डों पर हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 134 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, भाजपा 104 सीटें, कांग्रेस 9 सीटें और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की है।

नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, "इस जीत के लिए दिल्ली की जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद। केजरीवाल ने भारत माता की जय से अपनी बात शुरू करते हुए कहा, दिल्ली को इतनी शानदार जीत के लिए बधाई देता हूं, उन्होंने अपने बेटे को नगर निगम की जिम्मेदारी दी है। नगर निगम को ठीक करेंगे, कूड़े की समस्या दूर करेंगे, भ्रष्टाचार दूर करेंगे। हम बीजेपी और कांग्रेस के साथ मिलकर नगर निगम ठीक करेंगे। उनका भी हम सहयोग मांगते हैं. केंद्र और प्रधानमंत्री का भी सहयोग मांगते हैं। हम सब मिलकर दिल्ली को ठीक करेंगे।" आज घोषित नतीजों में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र पटपड़गंज के चार वार्डों में से तीन भाजपा जीती, सिर्फ एक सीट आप को मिली। मंत्री गोपाल राय के विधानसभा क्षेत्र बाबरपुर के चार वार्डों में से दो भाजपा और एक कांग्रेस जीती, सिर्फ एक सीट आप को मिली। मंत्री सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती में भाजपा ने तीनों सीट सरस्वती विहार, पश्चिम विहार, रानी बाग में जीत दर्ज की।

## डीजे पर दुल्हन के चाचा को गोली लगी

**बिजनौर, 7 दिसंबर (वार्ता)।** डीजे पर डांस करते समय एक युवक ने हर्ष फायरिंग कर दी। दुल्हन के चाचा को गोली लग गई। घायल चाचा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चाचा को गोली लगने से निकाह टल गया है। गांव भोजपुर निवासी अकबर पुत्र बुद्धू जिलेदार की बेटी का मंगलवार को निकाह होना था। अकबर के घर पर निकाह से एक दिन पूर्व होने वाली रस्में चल रही थी। घर के बाहर डीजे भी बज रहा था। सोमवार देर रात डीजे पर दुल्हन का चाचा गुलफाम पुत्र अनवर और मोहल्ले का इसरार पुत्र बुद्धू नाच रहे थे। इसी दौरान इसरार ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान गुलफाम को गोली लग गई। आनन-फानन में गुलफाम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद रस्में रुक गई। घटना के चलते निकाह की तारीख टल गई है। उत्तराखंड के खानपुर से आने वाली बारात नहीं आ सकी। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि आरोपित इसरार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## बीजेपी प्रमुख ने केटी आर पर लगाया आरोप

**बेंगलुरू, 7 दिसंबर (वार्ता)।** तेलंगाना बीजेपी प्रमुख ने के टी रामा राव पर मादक प्रदार्थ का सेवन करने का आरोप लगाया है। तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने मंगलवार यानी 6 दिसंबर को तेलंगाना राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के आइटी मंत्री के टी रामा राव पर मादक प्रदार्थ का सेवन करने का आरोप लगाया है। संजय कुमार ने दावा किया है कि अगर राव का ब्लड सैंपल और बाल का नमूना उपलब्ध कराया जाए तो वो इस बात को साबित कर सकते हैं। संजय कुमार ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के पुत्र केटीआर के आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें तंबाकू चबाने की आदत थी। उन्होंने कहा, 'ये ट्विटर टिल्लू कहता है कि मैं तंबाकू चबाता हूं। यह एक बड़ा झूठ है। वास्तव में, केटीआर है जो मादक प्रदार्थ यानी की ड्रग्स का आदी है। मैं ये साबित कर सकता हूं। मैं टेस्टिंग के लिए अपना ब्लड सैंपल सहित शरीर के किसी भी हिस्से का नमूना देने के लिए तैयार हूं और साबित कर सकता हूं कि मैं तंबाकू का सेवन नहीं करता।'

## भाकियू अब सिखेड़ा में करेगी महापंचायत

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन ने सिखेड़ा बाईपास पर महापंचायत करने का एलान किया है। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में किसानों की अंडर पास की मांग पूरी न होने पर भाकियू ने नाराजगी जताई है। भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह ने बताया कि जानसठ ब्लॉक के गांव पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में सिखेड़ा में अंडर पास की मांग को लेकर 30 नवंबर से धरना चल रहा है। इस मामले में एसडीएम जानसठ के नाम ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में भाकियू द्वारा 10 दिसंबर को सिखेड़ा बाईपास पर ही महापंचायत करने का फैसला लिया है।

## सा-ाले चबूतरे के विवाद में दो पक्ष भिड़े

**कैराना, 07 दिसम्बर (बु.)।** दुकान व मकान के आगे साझले चबुतरे पर निर्माण करने के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड गये। बाद में दोनो पक्ष कोतवाली पहुचे जहां दोनो के बीच समझौता करा दिया गया। बुधवार सुबह बाजार जोडिया कुआ पर मुकेश कुमार व उसका पड़ोसी आदेश दुकान के आगे साझले चबुतरे पर निर्माण करने के विवाद में आपस में भिड़ गये। बाद में दोनो पक्ष कोतवाली पहुचे। कोतवाली में पुलिस ने दोनो पक्षो की बीच समझौता करा दिया।

## यूपी में 6 आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** डीजीपी मुख्यालय ने मंगलवार देर रात छह आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। उधर, गाजियाबाद व प्रयागराज पुलिस कमिश्नरी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों की तैनाती कर दी गई है। पीलीभीत के पुलिस कप्तान दिनेश पी को गाजियाबाद और फायर सर्विसेज में तैनात डीआईजी आकाश कुल्हरि को प्रयागराज का पहला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। दूर संचार विभाग में डीआईजी जुगल किशोर को फायर सर्विस में तैनाती दी गई है। यातायात निदेशालय में तैनात अष्टभुजा प्रसाद सिंह प्रयागराज रेलवे के एसपी होंगे। इसके अलावा चित्रकूट के पुलिस कप्तान अतुल शर्मा को पीलीभीत भेजा गया है। इसी तरह गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त वृंदा शुक्ला को चित्रकूट का पुलिस कप्तान बनाकर भेजा गया है।

## मस्जिदों में छेड़छाड़ पर महिला की गई बैन

**देवबंद, 7 दिसंबर (वार्ता)।** जामा मस्जिद अहमदाबाद के शाही इमाम के मुस्लिम महिलाओं से संबंधित दिए गए बयान पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंच के जिला संयोजक राव मुशर्रफ अली ने शाही इमाम के बयान को बेतुका बताते हुए कहा कि इस्लाम में औरतों को बराबरी के हकूक दिए गए है। हज भी मर्द और औरत एक साथ करते है। इस्लाम में मस्जिद में भी महिलाओं के जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। महिलाओं को मस्जिद में जाने से इसलिए रोका गया है कि मस्जिदों के इमामों ने औरतों के साथ छेड़छाड़, शिष्यों ने दुष्कर्म के प्रयास शुरू कर दिए थे।



फोटो बुलेटिन: गौ सेवा कार्यक्रम में उपस्थित सम्राट शाखा के सदस्य अतिथि का स्वागत करते हुए।

# श्री कृष्ण गौशाला में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**भारत विकास परिषद् सम्राट शाखा के सदस्यों ने गौ माता को खिलाया हरा चारा व गुड**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर सम्राट शाखा द्वारा गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण गौशाला पचैण्डा रोड पर बुधवार प्रातः 8.30 बजे किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रान्तीय मार्गदर्शक रामकुमार तायल का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान सम्राट शाखा के सदस्यों ने गौ माताओं को हरा चारा खिलाया।

शाखा संस्थापक परमकीर्ति शरण अग्रवाल व अध्यक्ष रोहिताश कर्णवाल एडवोकेट ने मुख्य अतिथि का पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी सदस्यों ने गाय माता को हरा चारा व गुड खिलाकर धर्म लाभ प्राप्त किया। अध्यक्ष रोहितास कर्णवाल ने कहा कि आज का दिन बड़ा शुभ है, क्योंकि आज बुधवार के अलावा पूर्णिमा तिथि है। यह दुर्लभ अवसर है ऐसे दिन सेवा करने से अनंत फल प्राप्त होता है। मुख्य अथिति ने शाखा द्वारा किये जा रहे गाय सेवा कार्यक्रम के लिए शाखा को साधुवाद दिया। सम्राट शाखा द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों एवं विशेष रूप से शाखा द्वारा आयोजित प्रांतीय जगन्नाथ भगवान दर्शन यात्रा कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने इसके लिए प्रांतीय चेयरमैन सुनील गर्ग व उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

**दुर्लभ अवसर पर गौ सेवा कर धर्म लाभ कमाया, कार्यक्रम की जमकर हुई सराहना**

कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कीमती लाल जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंघल, अजय अग्रवाल एडवोकेट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, अरविंद गुप्ता, प्रीतम सिंघल का पूर्ण सहयोग रहा। सचिव कीमती लाल जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम चेयरमैन जगरोशन गोयल और परणीता गोयल रहे।

# शामली समेत दस जिलों में एक ही छत के नीचे होंगे सारे कोर्ट

**400 करोड़ से पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू होगा काम**

**लखनऊ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाने और एक कोर्ट से दूसरे कोर्ट के बीच की भाग-दौड़ कम करने के उद्देश्य से राज्य की योगी सरकार अदालतों को एक छत के नीचे लाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इंटीग्रेटेड कोर्ट कांप्लेक्स के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर फिलहाल दस जिलों महोबा, हाथरस, चंदौली, शामली, अमेठी, हापुड़, औरैया, सोनभद्र, संभल और चित्रकूट का चयन किया गया है।

अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने इंटीग्रेटेड कोर्ट कांप्लेक्स की महत्वपूर्ण योजना का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि सुशासन में समय से न्याय मिलना जरूरी होता है। इसी भावना के साथ सरकार 10 जिलों में एकीकृत न्यायालय परिसरों का निर्माण कराने जा रही है। बता दें कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कांप्लेक्स के संबंध में बीते दिनों प्रदेश की एक टीम ने गुजरात के बड़ौदा का दौरा किया था। वहां एकीकृत कोर्ट कांप्लेक्स का मॉडल सफलतापूर्वक लागू किया। पिछले दिनों एक उच्चस्तरीय बैठक में कांप्लेक्स की कार्ययोजना को लेकर मुख्यमंत्री ने दिशा निर्देश दिया था। सीएम ने कहा था कि अपराधों की अलग-अलग प्रकृति के अनुसार त्वरित न्याय के लिए अलग-अलग कानूनों से जुड़ी अदालतों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जिलों में यह अदालतें अलग-अलग जगहों से काम-काज संचालित करती हैं। कई जगह किराए के भवनों में अदालतें चल रही हैं। एक ही जिले में अलग-अलग दिशाओं में अदालतों के चलते न्यायिक अधिकारियों और फरियादियों दोनों को ही दिक्कत होती है। सुरक्षा इंतजाम और प्रशासनिक व्यवस्था में भी परेशानी आती है।

**एक कोर्ट से दूसरे कोर्ट तक लंबी भागदौड़ को कम करने का योगी सरकार का फैसला**



इसे देखते हुए अदालतों के लिए एकीकृत कोर्ट भवन उपयोगी हो सकते हैं। एक आदेश में उच्चतम न्यायालय द्वारा भी ऐसे न्यायालय परिसरों के निर्माण का आदेश दिया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण, गृह तथा विधि एवं न्याय विभाग इस परियोजना पर काम कर रहे हैं। एकीकृत भवन में कोर्ट, जजों के चैंबर, मीटिंग हाल, वीडियो कोर्ट, पार्किंग, कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं के लिए जगह होगी। योजना के तहत 10 जिलों में बनने वाले एकीकृत अदालत परिसर में जिला और अधीनस्थ न्यायालय, वाणिज्यिक न्यायालय, विविध, ट्रिब्यूनल, फास्ट ट्रैक कोर्ट और लोक अदालत होंगी। न्यायालय भवनों, अधिवक्ता चैंबर तथा सभागार के साथ ही न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय कालोनी, पार्किंग और फूड प्लाजा भी होगा।

## आईटीआई में 13 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** जनपद के बेरोजगारों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार कार्यालय के द्वारा 13 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि सेवायोजन कार्यालय 13 दिसंबर को एक ऑफलाइन रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई कैम्पस, मेरठ रोड में किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र की चार से अधिक कम्पनियां लगभग 200 विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार एवं परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी, जिसमें नियोजकों द्वारा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, डिग्री, आईटीआई आदि योग्यताधारक अभ्यर्थियों के लिए ब्रांच मैनेजर, असिस्टेंट, फील्ड एक्जीक्यूटिव, सेल्स रिप्रजेन्टेटिव, एचआर मैनेजर, टेली कॉलर आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर जॉब शिखर के रूप में ऑनलाइन पंजीकरण कराकर शामिल हो सकते हैं। ऑफ लाइन रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन कम्पनी में 12 दिसंबर तक आवेदन करना अनिवार्य है। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड शिविर संपन्न

**प्रतिभा प्रदर्शन... 500 से ज्यादा बच्चों ने प्रशिक्षण में किया प्रतिभाग**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में चल रहा स्काउट एवं गाइड शिविर उत्साहपूर्वक प्रतिभा प्रदर्शन के उपरांत संपन्न हुआ। शिविर समापन समारोह में विद्यालय के 500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया और जीवन में अनुशासन एवं मानवता को अग्रणी रखते हुए ईमानदारी से लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प लिया।



फोटो बुलेटिन: शिविर के समापन में निरीक्षण करतीं अतिथि व प्रिंसीपल।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कक्षा-6, 7 एवं 8 के छात्र छात्राओं के लिए स्काउट एवं गाइड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को अनुशासन के साथ ही राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करते हुए उनको संकट के समय संयम से काम लेना भी सिखाया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को स्काउट एवं गाइड के नियम, ध्वज वंदना, शिष्टाचार, सीटी संकेत, खोज आदि गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट एवं गाइड की जिला मुख्य आयुक्त श्रीमति कंचन प्रभा शुक्ला उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रांगण में पधारने पर प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने उनको बुके भेंट कर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। शिविर के प्रशिक्षकों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं प्रिंसीपल को स्कार्फ पहनाकर कार्यक्रम में स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमति कंचन प्रभा शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्काउट से जुड़ाव हमारे व्यक्तित्व को निखारने के साथ ही मानवता, अनुशासन और देश सेवा की भावना को जागृत करने का काम करता है। उन्होंने बच्चों को स्काउटिंग के सर्वोच्च प्रेजीडेंट लेवल तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी।

प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने बताया कि स्कूल द्वारा आयोजित स्काउट और गाइड शिविर आज पूर्ण उत्साह के साथ एक समारोह के रूप में संपन्न हुआ। प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों को सीखा, जिसमें घायल व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा देखभाल और अनुशासित रहते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी शामिल रहा। भारत में स्काउट और गाइड कार्यक्रम के इतिहास के बारे में उनको जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण मनोरंजन के माध्यम से छात्र छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से विकसित करने के अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में योगदान और मानवता के लिए दायित्व निर्वहन को भी प्रेरित करता है। शिविर के समापन समारोह में बच्चों ने सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ ही फूड प्लाजा, मिनार निर्माण, तंबू निर्माण और गांठें बंधन का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**मानवता-अनुशासन-देश प्रेम**

**बच्चों ने फूड प्लाजा और तंबू निर्माण कर दिखाई अपनी प्रतिभा, अतिथियों को किया प्रभावित, बच्चों के मैन्यु ने सभी का मोह लिया मन**

शिविर का संचालन भारत एवं स्काउट गाइड मुजफ्फरनगर के जिला संगठन कमिश्नर भारत भूषण अरोरा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में प्रशिक्षक अमित सैनी, ज्योति रानी एवं अंशु रानी ने छात्र छात्राओं को स्काउटिंग के नियम, प्रतिज्ञा के साथ ही अन्य गतिविधियों में प्रशिक्षण प्रदान किया। शिविर के आयोजन में स्कूल की गाइड कैप्टन सीता आनन्द एवं स्काउट मास्टर दिवाकर सहित स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## सीएम योगी से अफसरों को मिली कड़ी नसीहत- अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस और गरीबों के प्रति रखें सहानुभूति

**लखनऊ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति संवेदनशील रहने की नसीहत दी है। सीएम योगी अपने आवास पर प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत के क्रम में सीएम ने अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की 90 प्रतिशत शिकायतें थाना और तहसील से संबंधित होती हैं। तहसील दिवस और थाना दिवस पर टीम बनाकर समय-सीमा तय करते हुए मेरिट के आधार पर कार्रवाई की जाए। स्पष्ट कहा कि हमारा जाति, मत, मजहब से कोई वास्ता नहीं होना चाहिए। किसी भी मामले में हमारा वास्ता सिर्फ न्याय के प्रति होना चाहिए, इसमें कोई भी भेदभाव और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी, प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जनपद में ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने पर मंथन



फोटो बुलेटिन: बैठक में अफसरों को दिशा-निर्देश देते सीडीओ संदीप भागिया।

**स्वच्छ सर्वे ग्रामीण कार्यशाला में सीडीओ ने की समीक्षा**

**मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु)।** मुख्य विकास अधिकारी सन्दीप भागिया की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 कार्यशाला एवं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने की दिशा में विचार मंथन किया गया।

समस्त बीडीओ, एडीओ (पंचायत), ग्राम पंचायत सचिवों व खण्ड प्रेरकों की स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाए जाने हेतु चयनित ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के विषय में अधिकारियों को विस्तार से अवगत कराया। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 25 दिसंबर तक स्वच्छ सर्वेक्षण (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा स्वमुल्यांकन कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल ओडीएफ प्लस ग्राम बनाए जाने हेतु चयनित ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य 15 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराते हुए भुगतान करने हेतु सख्त निर्देश प्रदान किए। समीक्षा बैठक में सीडीओ संदीप भागिया ने कहा कि अब जनपद के हर गांव में स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सर्वेक्षण 2023 में पहले पायदान में आना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल का मैदान विकसित करने पर जोर दिया।

ग्राम पंचायत विकास योजना की जानकारी देते हुए सीडीओ ने कहा कि गरीबी मुक्त ग्राम आजीविका पंचायत, जलयुक्त ग्राम पंचायत, स्वच्छता हरित ग्राम पंचायत, बुनियादी ग्राम पंचायत, बाल मैत्री ग्राम पंचायत, महिला ग्राम पंचायत, स्वस्थ ग्राम पंचायत तैयार करना है। उन्होंने बताया कि जिले की 498 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 जल्दी शुरू होगा। सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाकर अपनी ग्राम पंचायत को स्वच्छता में पहले पायदान लाना होगा।

## राईफल शूटिंग में सफल खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस की राइफल शूटिंग एवं असॉल्ट एफिसियेन्सी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश पुलिस की 47वीं वार्षिक राइफल शूटिंग एवं असॉल्ट एफिसियेन्सी प्रतियोगिता 11वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में संपन्न हुई। राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के 300 मीटर प्रोन पोजिशन एकल वर्ग में जनपद से महिला आरक्षी सरोज द्वारा प्रतिभाग करते हुए प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

शूटिंग टीम इवेंट में महिला आरक्षी सरोज द्वारा प्रतिभाग करते हुए द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया तथा 300 मीटर 3पी बिग बोर एकल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया इसी क्रम में शूटिंग टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महिला आरक्षी ज्योति द्वारा 300 मीटर 3पी बिग बोर एकल वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा शूटिंग टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महिला आरक्षी निशा चौधरी ने 300 मीटर 3पी बिग बोर एकल वर्ग तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया तथा टीम इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त निशा चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश महिला शूटिंग चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसएसपी विनीत जायसवाल ने प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय उपस्थित रहे।

# मोरना मिल के विस्तारीकरण की मांग

**-चन्दन चौहान और अन्य विधायकों ने मांगा 450 रुपये कुंतल गन्ना मूल्य**



**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** मीरापुर के विधायक चंदन चौहान ने रालोद विधायकों के साथ गन्ना विकास एवं चीनी मिल उद्योग को मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण व गन्ना मूल्य वृद्धि किए जाने तथा गन्ने के बकाया मूल्य का भुगतान किए जाने आदि मांगों को लेकर गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण को ज्ञापन सौंपा। लखनऊ में मीरापुर विधायक चंदन चौहान, अशरफ अली एवं प्रसन्न चौधरी द्वारा गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा एक वर्ष पूर्व सदन में मोरना स्थित दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. मोरना के विस्तारीकरण की घोषणा (आश्वासन) की गई थी, लेकिन अभी तक उक्त मिल के विस्तारीकरण हेतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उक्त मिल के विस्तारीकरण हेतु विधानसभा के द्वितीय सत्र 2022 प्रश्न-29 के माध्यम से पूछा गया था, लेकिन सदन में दिये गये उत्तर में कहा गया है कि मोरना चीनी मिल की दैनिक गन्ना पेराई क्षमता 2500 टीसीडी है, जिसकी नेटवर्थ ऋणात्मक होने तथा दिनॉक 31 मार्च 2021 तक 351.48 करोड़ रुपये की संचित हानियाँ होने के कारण उक्त चीनी मिल के विस्तारीकरण हेतु आवश्यक वित्तीय व्यवस्था के लिए किसी भी वित्तीय संस्थाओं, बैंकों से ऋण मिलना सम्भव नहीं है।

ज्ञापन में गन्ना किसानों की कई गंभीर समस्याओं मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण के साथ-साथ गन्ना किसानों के प्रदेश के चीनी मिलों में गन्ना किसानों के गन्ना के बकाया भुगतान, गन्ने की बुआई एवं लागत तथा महंगाई को ध्यान में रखते हुए गन्ना मूल्य को लगभग 450 रू. प्रति कुन्तल की दर से घोषित करने, गन्ना किसानों के सुविधा अनुसार क्रय केन्द्र उपलब्ध कराये जाये तथा गन्ना क्रय केन्द्रों में घटतौली से बचाने के लिए सघन निगरानी व्यवस्था और सुदृढ़ हो और जले हुए गन्ने की वर्तमान पर्ची व्यवस्था काफी जटिल है, इसे और सरल करने आदि समस्याओं का निस्तारण किया जाए।

**आपका आज का राशिफल**

**बृहस्पतिवार, 08 दिसंबर, 2022**

मेष- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, आत्मीयजनों से मधुरता, बकाए धन की प्राप्ति, जीवन में सुखशांति।
वृषभ- विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, आशानुकूल घटनाएं घटित, वैमनस्यता का समापन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
मिथुन- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, आत्म विश्वास में कमी, प्रगति में बाधा, व्यवहार में लापरवाही हानिकारक, विरोधी प्रभावी।
कर्क- शुभ भावनाओं का उदय, आ्थक-व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, राजनीतिक अभिरुचि, विवाद के समापन में मित्र सहायक, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।
सिंह- अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, समस्याओं का समाधान, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान, श्रेष्ठजनों की सलाह मान्य।
कन्या- शुभ भावनाओं का उदय, आ्थक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, मनोबल में वृद्धि, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, प्रतिष्ठा में वृद्धि।
तुला- समय भाग्य के विपरीत, आहार-विहार में अनियमितता, स्वास्थ्य में बाधा, धोखे की आशंका, प्रतियोगिता में असफलता, प्रेम सम्बन्धों में तनाव।
वृश्चिक- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कठिनाइयों में कमी, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, विवाद का समापन, जीवन साथी से सामंजस्य, अनुकूलता की स्थिति।
धनु- व्यापार में धन निवेश, परोपकार में रुचि, परिवार में सुख शांति, मनोबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन सुखी, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।
मकर- साहसिक प्रयास प्रगति पर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, अध्यावसाय की ओर रुचि।
कुम्भ- योजना अपूर्ण, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, शारीरिक कष्ट, आय की तुलना में व्यय अधिक, पारिवारिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, वाद-विवाद की आशंका।
मीन- दिन बेहतर, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति, सुख के साधन सुलभ।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# विष्णु मोहिनी स्वरूप धर नृत्यांगना मीरा नंदा ने किया मंत्रमुग्ध

**मनोहारी---मनभावन**

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** भोपा रोड स्थित एसडी डिग्री कॉलेज में स्पिक मैके द्वारा अयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ. मीरानंदा बोरठाकुर के नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों को असम के शास्त्रीय नृत्य की श्रेणी में विष्णु का मोहिनी रूप बेहद मनमोहक रहा।

स्पिक मैके की विरासत श्रृंखला के अंतर्गत एसडी डिग्री कॉलेज में असम के विख्यात शास्त्रीय नृत्य की भव्य प्रस्तुति की गई। केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी के युवा पुरस्कार से सम्मानित तथा दंत चिकित्सक की शिक्षा प्राप्त डॉ. मीरनंदा बोरठाकुर ने खचाखच भरे सभागार को लगभग डेढ़ घंटे तक सम्मोहित रखा। डॉ. मीरनंदा ने शास्त्रीय नृत्य भूमि व उसके उद्गम की जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्रीय संगीत एक जीवित परंपरा है। असम में अभी भी विधिवत होत्र मौजूद हैं और वहाँ वैष्णव भक्ति के साथ शात्रीय नृत्य की दीक्षा दी जाती है।

डॉ. मीरनंदा ने शात्रीय तथा दूसरे शास्त्रीय नृत्य में भेद बताते हुए कुछ प्रस्तुति दी तथा उसके बाद शुद्ध नृत्य प्रस्तुत किया। बाल कृष्ण के भोजन न करने पर यशोदा उन्हें खिलाने के क्या-क्या जतन करती है, इसका नृत्य के साथ सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने शिव के समक्ष विष्णु के मोहनी रूप का मनोहारी वर्णन किया। डॉ. मीरनंदा के साथ बाँसुरी पर नबजीत सैकिया, खोल पर बिस्वजीत बोरदोलोई तथा गायन पर अमृतप्रवा महंत ने सुंदर संगत प्रदान की।

दीप प्रज्वलन विद्यालय सचिव अखिलेश दत्त, प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर, डॉ. अलका बंसल, डॉ. ममता श्याम ने संपन्न किया। कलाकारों का स्वागत डॉ. दानवीर, डॉ. राजेश, डॉ. सतीश ने किया। विद्यालय सचिव व प्राचार्य ने कलाकारों को स्मृति स्वरूप उपहार प्रदान किये। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. ममता श्याम व डॉ. दिव्या बख्शी ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य प्रो. पुंडीर ने कलाकारों सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए शास्त्रीय नृत्य को साधना की अवस्था बताया। अशोक सरीन, शंकर स्वरूप, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, डॉ. अरुणिमा, बसंत कुमार, विश्वम्भर पांडेय, अरविन पँवार, विकास, संजय अरोरा उपस्थित रहे। स्पिक मैके को ओर से डॉ. मृदुला, नीति, विपिन जैन, गरिमा जैन, नवीन शर्मा, सागर व लक्ष्य उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली इत्यादि में खूब बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



फोटो बुलेटिन: शास्त्रीय नृत्य शैली प्रस्तुत करतीं नृत्यांगना, संगति देते सहायक कलाकार।



मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎ (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (फ़ि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# एग्जिट पोल के अनुमान

दिल्ली एमसीडी के चुनाव में एग्जिट पोल का अंदाजा गलत हो गया। यह तो साफ था कि आप जीतेगी, लेकिन आप की जितनी सीटें बताई जा रही थी उससे बहुत कम आई और भाजपा की जितनी सीटें बताई जा रही थी उससे बहुत अधिक सीटें आई। इस बात को देखते हुए गुजरात और हिमाचल के एग्जिट पोल पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब कोई ज्यादा वक्त नहीं रहा आज तस्वीर साफ हो जाएगी। कल आप पार्टी काफी उत्साहित दिखी। उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश में जमानत जब्त होने के बाद दिल्ली एमसीडी में जीत के बाद दिल्ली में कहा जा रहा है कि सिसोदिया मुख्यमन्त्री बनेंगे और केजरीवाल प्रधानमन्त्री। दिल्ली नगर निगम चुनाव के 250 वार्ड के नतीजों में आम आदमी पार्टी 134 और बीजेपी 104 वार्ड में जीत गई है। कांग्रेस के खाते में 9 वार्ड आए हैं और 3 वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के लिए ये चुनाव भी बेहद बुरा रहा भारत जोड़ो यात्रा का दिल्ली चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ा, कांग्रेस को सिर्फ 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। एमसीडी चुनाव के ये नतीजे एग्जिट पोल में आए नतीजों के अनुमान से एकदम अलग हैं। दिल्ली नगर निगम चुनाव के एग्जिट पोल्स में आम आदमी पार्टी की जीत की भविष्यवाणी तो की गई थी, लेकिन सीटों का जो अनुमान लगाया गया था, वह असल नतीजों से एकदम अलग हैं। ऐसे में एक बार फिर एग्जिट पोल पर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा इस बात पर भी हो रही है कि क्या गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल्स के नतीजे सटीक बैठेंगे? दिल्ली नगर निगम में 126 सीटें हासिल करने को बहुमत का आंकड़ा माना जाता है। दिल्ली सरकार में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी ने इस आंकड़े को पार कर 134 सीटें जीत ली हैं। चुनावी नतीजे के बाद दिल्ली में आप के दफ्तरों में जश्न मनाया जाने लगा है। कई प्रमुख एग्जिट पोल में आप को 146 से 175 के बीच सीटें दी थी। बीजेपी को 69 से 94 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया था। हालांकि अब वास्तविक नतीजे इससे बिल्कुल अलग दिख रहे हैं। गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर तमाम न्यूज चैनल और सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल में सत्तारुढ़ बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। एक एजेंसी ने कहा कि बीजेपी को 128-140 सीटें मिल सकती हैं। दूसरी एजेंसी के अनुमानों में भी बीजेपी 129-151 सीटें हासिल कर सकती है। एक अन्य के एग्जिट पोल में बीजेपी को 125-130 और एक अन्य के एग्जिट पोल में भाजपा को 117-140 सीटें मिल सकती हैं। गुजरात में बीजेपी को जबरदस्त जीत मिलने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर सामने आए एग्जिट पोल के नतीजे में सत्ता परिवर्तन का अनुमान जताया गया है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। इसमें आम आदमी पार्टी का खाता नहीं खुलने का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो कल मिठाई बाँटने वाली और खाने वाली पार्टी का आज मुंह कड़वा हो सकता है। बाकी एग्जिट पोल में सत्तारुढ़ बीजेपी के पक्ष में नतीजे दिख रहे हैं। उनमें बीजेपी बहुमत पाती दिख रही है। कुछ एग्जिट पोल में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले आप की ये जीत राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी कई संदेश लेकर आई है। आप के कई बड़े नेता शराब घोटाले के आरोपों से घिरे हैं। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में हैं और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में इस जीत ने पार्टी में मनीष सिसोदिया के कद को और मजबूत किया है। यह अलग बात है कि मंत्री सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती में बीजेपी ने तीनों सीटें सरस्वती विहार, पश्चिम विहार और रानी बाग जीत ली हैं। मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र के 4 में से 3 वार्डों में आप की हार चौंकाने वाली रही है। एमसीडी का चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए इस मायने में भी चुनौती भरा था, क्योंकि गुजरात के ठीक साथ ही ये चुनाव हो रहे थे। अरविंद केजरीवाल पूरी तरह गुजरात में प्रचार में जुटे रहे। ये जीत मनीष सिसोदिया के खाते में जाने वाली है। आप पार्टी में चर्चा है कि इस जीत के बाद मनीष सिसोदिया को दिल्ली में बड़ी भूमिका मिल सकती है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने के लिए मुक्त हो सकते हैं। एमसीडी की तैयारी मनीष सिसोदिया के अलावा राघव चड्ढा, आतिशी, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं के कंधों पर थी। इस जीत ने इन नेताओं को पहली श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। पार्टी के लिए इन नेताओं के रूप में नया नेतृत्व खड़ा होगा और देशभर में पार्टी के प्रसार में ये फायदा पहुंचाएगा। आने वाले दिनों में हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ के चुनाव हैं। आप के एमसीडी में बहुमत पाते ही सबसे पहला सवाल उठ रहा है कि अब मेयर कौन होगा? आप के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक इसके लिए भी पार्टी ने पहले ही तैयारी कर रखी है। आतिशी मर्लेना का नाम इस रेस में फिलहाल सबसे आगे है। हालांकि उन्हें इसके लिए विधायक का पद छोड़ना पड़ेगा। आतिशी के अलावा आप नेता निर्मला देवी को भी मेयर बनाया जा सकता है। निर्मला देवी पार्टी की महिला इकाई की प्रदेश संयोजक हैं। इसके अलावा काउंसलर शालिनी सिंह का नाम भी चर्चा में है। एमसीडी चुनाव जीते पार्षदों का कार्यकाल 5 साल के लिए होता है, लेकिन मेयर सिर्फ एक साल के लिए चुने जाते हैं। एमसीडी में कुल 250 वार्ड हैं। इन वार्डों से जीते पार्षद ही मेयर का चुनाव करते हैं। दिल्ली की जनता सीधे तौर पर मेयर नहीं चुन सकती। जनता पार्षदों को चुनती है और पार्षद मेयर को। एमसीडी की सरकार का कार्यकाल 5 साल का होता है। इन 5 साल में पहले साल किसी महिला पार्षद को ही मेयर बनाया जा सकता है। ये एक तरह का रिजर्वेशन है। तीसरे साल किसी अनुसूचित जाति का पार्षद मेयर बनाया जाएगा। आतिशी 2019 लोकसभा चुनाव में ईस्ट दिल्ली से गौतम गंभीर के खिलाफ चुनाव लड़ी थीं और तीसरे नंबर पर रही थीं। हालांकि 2020 विधानसभा चुनाव में वे कालकाजी सीट से लड़ीं और जीत हासिल की।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"गजलें" "मुक्तक" "गायन" "शैली"

वही गजलें , वही मुक्तक, वही गायन, वही शैली,
नया कुछ भी नहीं देता, बहुत पेमेंट मांगे है।
जहाँ वो जा नहीं पाता, किसी को भेज देता है,
जिसे भी भेजता है उससे दस परसेंट मांगे है।

## 8 महीने के बच्चे ने निगली कॉर्क, डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन कर बचाई जान

बेंगलुरु, 07 दिसम्बर (वार्ता)। बेंगलुरु में फोर्टिस नगरभावी के डॉक्टरों ने एक चमत्कारी कार्य कर दिखाया है। दरअसल, एक 8 महीने के बच्चे ने खेलते समय गलती से दो सेमी बोतल कॉर्क निगल लिया था। बोतल की कॉर्क निगलने के बाद बच्चे की जान खतरे में आ गई थी बच्चे की सांस फूल गई थी। बच्चे के माता-पिता उसे डॉक्टर के पास लेकर गए। बच्चे को एक सप्ताह के अंदर एक के बाद एक तीन अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों को संदेह था कि बच्चे को श्वसन तंत्र के निचले हिस्से में संक्रमण है और नेबुलाइजर उपचार निर्धारित किया। हालांकि, इससे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। उसके गले से लगातार घरघराहट की आवाज आ रही थी, और उसने कम खाना शुरू कर दिया। बच्चे की हालत में सुधार ना होता देख उसे बेंगलुरु के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेंगलुरु में फोर्टिस नगरभावी के डॉक्टरों की टीम ने इस बच्चे की जान बचाने के लिए असंभव जैसे कार्य को संभव कर दिखाया।

# एमएड चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



श्रीराम कॉलेज के मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करती प्राचार्या व अन्य।

मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बुस.)। श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने एमएड सत्र 2020-22 के चतुर्थ सेमेस्टर में शत-प्रतिशत रिजल्ट देकर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किये गये एमएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणामो में शीर्ष तीनों स्थानों पर छात्राओं ने उच्च कोटि का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किये गये एमएड सत्र 2020-22 के चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कीमिका गुप्ता ने 83.95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रतिभा महेश्वरी ने 81.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अंजलि ने 80 प्रतिषत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एव अध्यापकगणों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है तथा उनकी अपने-अपने विषय पर पकड़ बहुत अच्छी है, जिसके कारण किसी भी विषय को समझने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने विभाग के सभी प्रवक्ताओं को उनके सतत प्रयासों के लिये सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलताओं के आकाश को छूने की आशा व्यक्त की। संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मान बढाया है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होनें कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने अथक प्रयास किया है, जिसका परिणाम यह है कि आज महाविद्यालय इस क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बन गया है, जो हमारे लिये बहुत गर्व की बात है। छात्रों के साथ-साथ इस महाविद्यालय के प्रवक्ता भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी जानकारियाँ उपलब्ध कराई हैं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की डीन डॉ. प्रेरणा मित्तल तथा प्रवक्तागण जगमेहर गौतम, भानु प्रताप वर्मा, संदीप राठी, टीना अग्रवाल, डोली, रीतु गर्ग आदि ने सभी को बधाई दी।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में सहायक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण केन्द्र का किया शुभारंभ



मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)। जनपद मुजफ्फरनगर में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभागीय संस्था राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में निरुद्ध किशोरों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने प्रशिक्षित किए जाने की पहल की गई । अभियान की इस कड़ी में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्रदाता गौतमबुद्धा हेल्थकेयर फाउण्डेशन द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह में एक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया, जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्र पर संप्रेक्षण गृह में 33 निवासरत किशोरों को पावर सेक्टर में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मुजफ्फरनगर में निवासरत अपचारी किशोरों को सम के माध्यम से हुनरमंद बनाने एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ कराने का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अशोक कुमार, जिला समन्वयक व विशिष्ठ अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द गौतम के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य के रूप से डॉ. राजीव कुमार, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट न्यायपीठ, मुजफ्फर नगर, मोहित कुमार संस्था प्रभारी, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), संदीप कुमार कौशल विकास मिशन प्रबन्धक, उत्कर्ष शुक्ला, एमजीएन फेलो, संस्था के प्रतिनिधि प्रीयांशु राठी एवं समस्त स्टाफ राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे।

## अन्तर्महाविद्यालय योगा प्रतियोगिता हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बुस.)। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की अन्तर्महाविद्यालय की योगा प्रतियोगिता में छात्राओं की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में एस.वी.एम. योगा एण्ड हैल्थ साईसेज कॉलेज की दीपा प्रथम रही। वहीं छात्राओं की टीम में श्रीराम कॉलेज के हर्ष कुमार ने बाजी मारी, जबकि छात्र-छात्राओं की टीमों में प्रथम स्थान गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन प्रथम रहे। एस.वी.एम. योगा एण्ड हैल्थ साईसेज कॉलेज के प्रागंण में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की योगा प्रतियोगिता का शुभारम्भ नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष अन्जू अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 9 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। व्यक्तिगत प्रतियोगिता में श्रीराम के हर्ष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं एस.वी.एम. योगा एण्ड हैल्थ साईसेज कॉलेज के शुभम बालियान द्वितीय व शुभम चैहान तृतीय रहे। वहीं व्यक्तिगत छात्राओं की प्रतियोगिता में एस.वी.एम. योगा एण्ड हैल्थ साईसेज कॉलेज की तानिया प्रथम व दीपा तृतीय स्थान पर रही, जबकि एसडी कॉलेज की सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र टीम ने गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन प्रथम श्रीराम कॉलेज द्वितीय, वहीं छात्र टीम में गोचर महाविद्यालय रामपुरमनिहारन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सी.सी.आर. पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य व माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. नरेश मलिक व विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. एस.एन. सिंह तथा विद्या भारती के संरक्षक डॉ. बी.के. त्यागी एवं प्रबन्ध समिति के सदस्य योगेन्द्र जैन, डॉ. पी.के काम्बोज, ललित माहेश्वरी उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल में गौरव बालियान, अर्चना सिंह मयंक भारद्वाज रहे। महाविद्यालय के प्रबन्धक व विद्या भारती के मंत्री अरूण खण्डेलवाल ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं आभार व्यक्त किया।



## कला उत्सव लोक नृत्य एव लोकगीत की विजेताओं का किया अभिनंदन

मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)। माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर-प्रदेश द्वारा आयोजित कला उत्सव 2022 में राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने हेतू बीते दिवस 06 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मण्डी से तीन छात्राओं को लेकर विद्यालय की शैली रंजन (संगीत प्रवक्ता) ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें कु. पाइना पुत्री सोमदत्त नृत्य में प्रथम स्थान कु. आस्था मोर्या पुत्री श्याम लाल ने लोकगीत में द्वितीय स्थान व. कु. खुशबू शर्मा पुत्री संदीप कुमार शर्मा (शास्त्रीय गायन) में सातवां स्थान प्राप्त करते हुए जनपद का नाम गौरवान्वित किया। बुधवार को नई मंडी वैदिक पुत्री पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं के लखनऊ से विजेता के रूप में जनपद मुजफ्फरनगर में प्रथम आगमन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य व समस्त महिला प्रवक्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर व विद्यालय की छात्राओं ने बैण्ड बाजे से स्वागत किया। स्कूल प्रांगण में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति एवम शिवांगी बालियान महिला कल्याण अधिकारी द्वारा कला उत्सव 2022 की विजेता छात्राओं को व प्रधानाचार्या डॉ. राजेश कुमारी को पगड़ी पहनाकर एवम अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवम अभिनंदन किया गया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम TRAPTA KAUR से बदलकर TRIPTA RAJPAL रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम TRIPTA RAJPAL के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

तृप्ता राजपाल
पत्नी हरेन्द्र सिंह
निवासी : 773, गली न. 11, गांधी कॉलानी, मुजफ्फरनगर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम HARENDRA SINGH से बदलकर HARENDER PAL SINGH रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे नये नाम HARENDER PAL SINGH के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

हरेन्द्र पाल सिंह
पुत्र राजेन्द्र सिंह
निवासी : 773, गली न. 11, गांधी कॉलानी, मुजफ्फरनगर


## नोटबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीमकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, 07 दिसम्बर (वार्ता)। केंद्र सरकार के वर्ष 2016 में 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को बंद करने के फैसले को चुनौती देने वाली अलग-अलग याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से फैसले लेने की प्रक्रिया से सबंधित फाइलें मांगी है।


**कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक :1900/2–1 दिनांक :07/12/2022

**सूचना**

एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 के तहत निजी वृक्षों के पातन हेतु प्रभागीय निदेशक, द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी किये गये थे। अधिनियम की धारा–7 के अन्तर्गत प्रत्येक पातित वृक्ष के विरूद्ध दो वृक्ष मालिक द्वारा रोपित किये जाने थे। माह अप्रैल 2011 से माह मार्च 2017 तक, जो अनुज्ञा पत्र जारी किये गये थे उन अनुज्ञा पत्रों के विरूद्ध जिन मालिकों ने अभी तक जमानत वापस नहीं ली है तथा पौधे रोपित किये जाने की सूचना इस कार्यालय को नहीं दी गयी है, उन्हें इस नोटिस द्वारा अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि नोटिस जारी होने के 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में पौधे रोपित किये जाने बाबत सूचना देवें । अन्यथा यह माना जायेगा कि वृक्ष मालिकों द्वारा उक्त अधिनियम की धारा–7 के अन्तर्गत निर्देशित दुगने पौधो का रोपण नहीं किया गया तथा विभागीय रूप से पौधारोपण करने के आदेश धारा–9 के अन्तर्गत जारी कर दिये जायेगें तथा उसकी प्रतिपूर्ति वृक्ष मालिक द्वारा जमा जमानत की धनराशि को जब्त कर की जायेगी ।

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शुभम व उसकी पत्नी श्रीमती निकिता पुत्री नीटू मेरे व मेरे परिवार के कहने–सुनने में नहीं है। ये दोनों अकारण ही मुझे व मेरे परिवार को बात–बात पर तंग व परेशान करते हैं तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी मुझे व मेरे परिजनों को देते हैं ये लोग आये दिन घर में लड़ाई झगड़ा करते हैं। इनके व्यवहार से तंग आकर मैंने अपने पुत्र शुभम व उसकी पत्नी श्रीमती निकिता को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का शुभम व उसकी पत्नी श्रीमती निकिता से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहेगा। अगर ये दोनों किसी भी लेनदेन या कोई भी कार्य करते हैं, तो उसकी सभी प्रकार की जिम्मेदारी शुभम व उसकी पत्नी श्रीमती निकिता की होगी। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मैंने व मेरे परिवार ने शुभम व उसकी पत्नी श्रीमती निकिता से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं।

नरेश पुत्र रामसिंह
निवासी : अम्बेडकर कॉलोनी, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

**S.D. COLLEGE OF COMMERCE**
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
FACULTY REQUIRED
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) B.Sc.(Home Sc.) B.Sc.(Micro Bio)
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116, 8937095013

**आवश्यकता है**

दुकान पर कार्य करने हेतु ईमानदार युवक की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें :-
मयंक सिंघल
श्री राघव प्लाईवुड
59–बी, पीठ बाजार, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M. 9808049433

**आवश्यकता है**

नई मण्डी, मुजफ्फरनगर में 5 साल के अनुभवी एक पुरूष एकाउटेंट की, जो टैली एवं जीएसटी का कार्य आसानी से कर सकें।

चीनी के व्यापार में अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता
M. 9634129958


## जैन कन्या महाविद्यालय में मेडिकल समिति ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**-छात्राओं की हीमोग्लोबिन व थायराइड जांच कर दिए बचाव के टिप्स**



मुजफ्फरनगर, 07 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को मेरठ रोड़ स्थित जैन कन्या महाविद्यालय में मेडिकल समिति के द्वारा छात्राओं हेतु एक हिमोग्लोबिन और टीएचएस थायराइड जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के साथ उनसे बचाव के लिए भी प्रेरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुणवत्ता एवं विशेषज्ञता प्राप्त लाईफ सेल के द्वारा डॉ. पंकज कुमार एवं आयुषी अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। डॉ. आयुषी अग्रवाल डायटिशियन एवं न्यूट्रिशन के द्वारा छात्राओं को उनकी समस्याओं एवं पोषण के बारे में परामर्श भी दिया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सीमा जैन ने छात्राओं को आवश्यक एवं संतुलित आहार लेने एवं बीमारियों से बचाव हेतु प्रेरित किया। जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को मेडिकल समिति की संयोजिका डॉ. आभा सैनी ने छात्राओं को व्यायाम और समय पर उचित खानपान एवं संतुलित जीवन शैली के विषय में जागरूक किया। मेडिकल समिति के सदस्य डॉ. संतोष कुमारी डॉ. वर्चसा सैनी डॉ. पारुल जैन का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. निशा गुप्ता सोनाली डॉ. मनीष अग्रवाल डॉ. सविता वशिष्ठ डॉ. गीता शर्मा डॉ. मंजू डॉ. अमरदीप डॉ. दुष्यंत गर्ग, कुमारी मनीषा कुमारी शिवानी कुमारी पायल कुमारी काजल आदि उपस्थित रहे।

## भविष्य ही बतायेगा कि कम व ज्यादा मतदान का प्रभाव किसको विजयी बनायेगा

खतौली, 07 दिसम्बर (बु.)। खतौली विधानसभा उपचुनाव के दौरान कम मतदान जहां भाजपा के लिए चिन्ता का विषय बना हुआ है वहीं विशेष समुदाय सहित विरोधी दलों के परम्परागत सजातिय वर्ग के मतों का कम प्रतिशत की गठबन्धन के लिए खतरे की घन्टी साबित हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार गत विगत विधानसभा में हुए भारी मतदान को लेकर भाजपा प्रत्याशी विक्रम सैनी का लगातार दूसरी बार जीत का मुख्य कारण माना जा रहा था। वहीं इस बार उपचुनाव में हुआ मतदान जहां भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए खतरे की घन्टी माना जा रहा है। वहीं राजनैतिक क्षेत्रों में उपचुनाव में पूर्व की अपेक्षा इस बार कम हुआ मतदान जहां भाजपा प्रत्याशी की जीत पर शंका व्यक्त कर रहा हैं वहीं राजनीतिक के गलियारों में उपचुनाव में मुस्लिम सहित विपक्षी प्रत्याशी के संजातिय वोटों सहित भाकियू की हुंकार से प्रभावित जाट बाहुल्य क्षेत्रों में भी कम मतदान होने का आंकड़ा विपक्षी गठबन्धन प्रत्याशी खेमे में खलबली मची हुई है, जबकि भाजपा प्रत्याशी के सजातिय सैनी वर्ग के एक बड़े वर्ग द्वारा जमकर मतदान करने के आंकड़े सामने आ रहे है। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के पिहर में 79-प्रतिशत हुआ मतदान भाजपा के पक्ष में उपहार रूप में समक्ष जा रहा है, जबकि गठबन्धन के गुर्जर गठबन्धन नेताओं की शंकाओं को जन्म दे रहा है। यह तो भविष्य ही बतायेगा कि कम व ज्यादा मतदान का प्रभाव किसको विजयी बनायेगा तथा किसको हार में सहायक सिद्ध होगा।


**प्रथम पुण्य तिथि**



स्व. श्रीमती गायत्री देवी
15 जुलाई 1931 -- 08 दिसम्बर 2021

-प्रतिष्ठान-
• ज्ञानीराम सुरेशचन्द
• विनोद एण्ड कम्पनी
नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
• फ्रैंड्ज ऑटोटेक प्रा. लि.
रॉयल एनफील्ड
• श्री बालाजी पेपर्स
• ज्ञानीराम अशोक कुमार एंड संस
12–बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
• रति एण्ड एसोसिएट्स (सी.ए.)
मेरठ कैंट

डॉ. सुरेश–सरोज, अशोक–शरद (पुत्र–पुत्रवधू)
मधु–सुभाष गुप्ता, मंजू–प्रदीप अग्रवाल (पुत्री–दामाद)
अनुराग–नमिता, अम्बुज–शानू (पौत्र–पौत्रवधू)
शशांक–रति, पुलकित–रिदिमा (पौत्र–पौत्रवधू)
प्रार्थना–शिल्पी अग्रवाल, प्रियंका–गोकुल सिंह, खुशबू–निकुंज पोद्दार (पौत्री–पौत्री दामाद)
निहारिका, आन्या (पड़पौत्री)
वृन्दा, अराध्या (पड़पौत्री)
अभय, अक्षज (पड़पौत्र)

3–डी, वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मो. 9837211958 (डॉ. सुरेश), 9837035734 (अशोक)

**प्रथम पुण्यतिथि**



स्व. श्री करण सिंह सैनी
(पूर्व प्रधानाचार्य – एस.बी.एस. हायर सैकेंडरी स्कूल)
निर्वाण तिथि : 08 दिसम्बर 2021

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्ग दर्शन और आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

-श्रद्धा सुमन-
समस्त सैनी परिवार
-निवास-
175, संगम विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9412340340, 9837040512

**शोक संदेश**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य श्री द्वारकादास भाटिया जी का स्वर्गवास दिनांक 26 नवम्बर 2022, दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक 8 दिसम्बर 2022, दिन गुरूवार को समय दोपहर 2:00 बजे, स्थान : वर्धमान जैन स्थानक धर्मशाला, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

ब्रह्मभोज .......... 12:30 बजे दोपहर

-शोकाकुल परिवार-
श्रीमती आत्म देवी (धर्मपत्नी)
राजकुमार भाटिया–शारदा भाटिया (पुत्र–पुत्रवधु)
कीर्ति भूषण भाटिया–दक्षा भाटिया (पुत्र–पुत्रवधु)
एवं समस्त भाटिया परिवार

निवास :– 47–सी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9457196667, 9548241043
नोट : अलग से कार्ड नहीं भेजे जा रहे हैं, कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

# शादी में आए ननिहाल की छत से गिरकर पांच वर्षीय बालक की मौत

▶ मौसी की शादी में परिवार के साथ आया था बालक, हादसे से परिजनों में मचा कोहराम



बालक की मौत पर विलाप करते परिजन

**कैराना, 7 दिसम्बर (बु.)।** मौसी की शादी में ननिहाल में आए पांच वर्षीय बालक की छत से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नगर के मौहल्ला इकबालपुरा निवासी स्व. रईस की बेटी की मंगलवार को शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए उसका दामाद दिलशाद निवासी मौहल्ला बाजोवाला कांधला भी पत्नी व बच्चों के साथ आया हुआ था। शादी समारोह संपन्न होने के बाद परिवार यहीं पर रुक गया था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दिलशाद का पांच वर्षीय पुत्र आशियान मकान की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक छत से नीचे फर्श पर गिर गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन बालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे के सम्बंध में आवश्यक जानकारी जुटाई। इस दौरान मृतक के मामा इमरान ने शव का पोस्टमार्टम कराये जाने से इंकार कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया, जिसके बाद बगैर पोस्टमार्टम शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।










कूकड़ा मण्डी में मतगणना की तैयारियों के बीच बैठक लेते एसएसपी तथा मतगणना के लिए सजा पांडाल व सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे।

## नलकूप से केबल चोरी करता बदमाश दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** नलकूप से केबल चोरी कर ले जा रहे बदमाश को नलकूप मालिक ने दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी दिनेश सिंह पुत्र छोटन सिंह अपने भतीजे के साथ रात के समय अपने खेतों में पानी चलाने गया था। बताया गया है कि उसके नलकूप से एक युवक विद्युत केबल काटकर ले जा रहा था। दिनेश व उसके भतीजे ने आरोपी को चोरी किये गए केबल के साथ दबोच लिया। आरोपी ने अपना नाम मोहन निवासी जफरपुर थाना तितावी बताया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## आर्थिक नीति की न्यायिक समीक्षा के सीमित दायरे का अर्थ यह नहीं, हम चुप बैठ जाएंगे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर (वार्ता)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक नीति के मामलों में न्यायिक समीक्षा के सीमित दायरे का मतलब यह नहीं है कि अदालत हाथ बांधकर चुप बैठ जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि सरकार किस तरह से निर्णय लेती है, उसकी कभी भी पड़ताल की जा सकती है। शीर्ष अदालत आठ नवंबर, 2016 को केंद्र द्वारा घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा, 'अस्थायी कठिनाइयां थीं और वे राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग भी हैं, लेकिन एक तंत्र था जिसके जरिये उत्पन्न हुई समस्याओं का समाधान किया गया। जस्टिस एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि आर्थिक नीति के कानूनी अनुपालन की संवैधानिक अदालत द्वारा पड़ताल की जा सकती है। पीठ ने कहा, 'अदालत सरकार द्वारा लिए गए फैसले के गुण-दोष पर नहीं जाएगी। लेकिन वह हमेशा उस तरीके पर गौर कर सकती है जिस तरह से फैसला लिया गया था। महज इसलिए कि यह एक आर्थिक नीति है, इसका मतलब यह नहीं है कि अदालत हाथ बांधकर चुपचाप बैठ जाएगी।' पीठ में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यन और जस्टिस बी.वी. नागरत्ना भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, 'जहां तक फैसले के गुण-दोष का संबंध है तो यह सरकार पर है कि वह अपनी बुद्धिमता से यह जाने कि लोगों के लिए सबसे अच्छा क्या है। लेकिन रिकार्ड पर क्या लिया गया था, क्या सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था, हम इस पर गौर कर सकते हैं।'

## अखिलेश ने उपचुनाव के नतीजों से पहले इवीएम पर किए सवाल

**लखनऊ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी विधानमंडल के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र को दो दिन बाद ही अनिश्चितकाल स्थगित करने पर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि सदन में उसकी खामियों पर चर्चा की जाए। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा, पहले तो तीन दिन का सदन बुलाया फिर दो दिन में ही सत्र समाप्त कर दिया, लगता है भाजपा चाहती ही नहीं है कि उसकी खामियों और भ्रष्टाचार पर बात हो। सदन के सत्र को कम कर-के भाजपा किस बात का सामना करने से बच रही है। इतना ही नहीं, अखिलेश ने मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर व खतौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम आने से ठीक पहले एक बार फिर इवीएम राग अलापा। अखिलेश ने कहा कि जब जर्मनी ने ईवीएम से चुनाव को असंवैधानिक मानते हुए 2009 में ही समाप्त कर दिया है तो उनकी विदेश मंत्री को एश्ट दिखाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है। अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उपचुनाव के लिए सपा के बयान हार का डर है! बता दें कि पांच दिसंबर को तीन सीटों पर हुए मतदान का परिणाम कल यानी आठ दिसंबर को आना है।

# सांसद और चेयरमैनी का रुझान तय करेगी आज की हार जीत



राजकुमारी सैनी



मदन भैया

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** खतौली उपचुनाव के जरिए आने वाले चेयरमैनी चुनाव व 2024 के सांसद के चुनाव को आज की हार-जीत बड़ी भूमिका अदा करती दिखाई देगी। दोनों ओर से चाहे भाजपा हो, चाहे रालोद, पांच तारीख मतदान तक एडी-चोटी का जोर मतदाताओं को अपनी ओर खींचने में कर लिया गया है। बस आज नतीजे आने बाकी रह गये हैं और यह नतीजे दोनों दलों की राहें आसान अथवा मुश्किल बनाने का काम करेगा। मतगणना सम्पन्न करते ही अगले दिन से चेयरमैनी के टिकटों पर राजनीतिक गलियारों में जोरदार चर्चा शुरू हो जायेगी। सम्भवतः इसी सप्ताह सभी पार्टियां अपना उम्मीदवार तय करके मतदाताओं के सामने रख देंगी। इसी बीच आज उपचुनाव का परिणाम 2024 की ओर भी इशारा करता दिखाई देगा। आपको बताते चलें कि 2024 में देश में पुनः सरकार का गठन होगा। ऐसे में खतौली उपचुनाव को मुजफ्फरनगर जनपद के लिए अहम माना जा रहा है। राजनीतिक पंडितों की मानें तो यह चुनाव संजीव बालियान के कद की ओर भी इशारा करेगा। यदि भाजपा की उम्मीदवार राजकुमारी सैनी ने जीत हासिल की तो भाजपाई जोश से लबालब दिखाई देंगे और सांसदी में अपनी ओर जीत का इशारा मानकर आने वाले चुनाव में काम करेंगे। वास्तव में भी भाजपा के लिए यह चुनाव जीतना अहम है, क्योंकि भाजपा पहले से ही 4 विधानसभा सीटें 9 माह पूर्व हुए चुनाव में गवां चुकी है और पांचवी सीट भी फिलहाल दांव पर लगी हुई है। और खुदा-ना-खास्ता यदि इस सीट पर कोई आफत आई, तो भाजपाईयों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि इसका असर चेयरमैनी चुनाव पर भी पूरी तरह पड़ता दिखाई देगा। कुल मिलाकर भाजपा के लिए खतौली उपचुनाव की जीत हार सिर्फ जीत हार के नजरिए से नहीं देखी जायेगी, बल्कि चेयरमैनी व सांसदी दोनों चुनाव का रुख तय करती दिखाई देगी। अब देखना यह होगा कि आज भाजपाई अपनी साख व सपा-रालोद गठबंधन अपनी नाक बचाने में कामयाब होते हैं या नहीं। दोनों ओर हार जीत को लेकर पूरी तरह खलबली मची हुई है और जो भी पार्टी चुनाव हारती अथवा जीतती है, आने वाले दोनों चुनाव में दोनों के जनाधार पर इसका प्रभाव पड़ता दिखाई देगा और आज यह तस्वीर पूरी तरह साफ हो जायेगी कि किसका जनाधार बढ़ा एवं किसका घटा है।

## जयंत चौधरी और संजीव बालियान दोनों का कद तय करेगा आज चुनाव परिणाम



संजीव बालियान



जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** खतौली उपचुनाव की हार-जीत आज रालोद मुखिया और जाटों में अपनी पकड़ बनाने वाले जयंत चौधरी व सत्ता के सांसद संजीव बालियान दोनों का कद तय करेगा। एक तरह से माना जाये, तो दोनों की साख बराबर की दांव पर लगी है, क्योंकि यह चुनाव सांसदी का रूख भी तय करेगा और ऐसे में जाट बिरादरी ही नहीं अपितु अन्य मतदाता भी जयंत व संजीव की साख पर निगाहें गड़ाए हुए हैं। सत्ताधारी भाजपा यदि यह उपचुनाव जीत जाती है, तो सांसद संजीव बालियान की बल्ले-बल्ले हो जायेगी और यदि किसी कारण से यह सीट भाजपा के हाथ से छुटक गई, तो संजीव बालियान के लिए आने वाला चुनाव जीतना किसी ढेढ़ी खीर से कम ना होगा। चूंकि चचाएं यह भी कि अगर खतौली उपचुनाव रालोद ने जीत लिया, तो खुद जयंत चौधरी सांसदी का चुनाव मुजफ्फरनगर जिले से लड़ने की तैयारी कर सकते हैं। आपको बताते चलें कि उनके पिता दिवंगत चौधरी अजीत सिंह ने 2019 का चुनाव बड़ी ही दमदारी से जड़ा था और भाजपा की चूल हिलाकर रख दी थी। 2014 में लगभग 4 लाख मतों से ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाले डॉ. संजीव बालियान का जनाधार चौधरी अजीत सिंह ने ऐसा खिसकाया था कि 2019 में डॉ. संजीव बालियान को जीत हासिल करना नामुमकिन सा हो गया था। आखिर में लगभग 2019 मतगणना के आखिरी दौर में बामुश्किल संजीव बालियान की जीत साढ़े छः हजार वोटों से हुई थी, यानि बालियान के चौधरी अजीत सिंह ने तीन लाख चौरानवें हजार मत अपने पक्ष में कर दिखाये थे और खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश मत जाटों के ही अजीत सिंह की ओर रूख कर गये थे। दिवंगत पिता के बाद अब बेटे जयंत चौधरी भी कब अपनी जोर अजमाईश करने के लिए मुजफ्फरनगर जिले के चुनाव मैदान में उतर जाये, यह भी तय यह उपचुनाव ही करेगा। यदि रालोद ने यह सीट कब्जाई तो हर हाल में जयंत चौधरी का मुजफ्फरनगर से चुनाव लड़ना लगभग तय माना जायेगा। अब देखना यह होगा कि खतौली की जनता चुनाव परिणाम के बाद क्या नया रंग दिखाती है और जयंत और संजीव में से किसकी साख को बट्टा लगाती है।

## आढ़ती ने युवक को चाकू मार किया घायल

**कैराना, 7 दिसम्बर (बु.)।** सब्जी मंडी में खराब टमाटर देने के विरोध पर आढ़ती ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि पुत्र को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस जांच में जुट गई है। मौहल्ला दरबारखुर्द गुलशन नगर निवासी कय्यूम ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह फेरी लगाने का काम करता है। बुधवार सुबह करीब सात बजे वह अपने पुत्र जावेद तथा भतीजे इसरार व मुरसलीन के साथ सब्जी मंडी में फेरी के लिए सब्जी खरीदने गया था। इस दौरान आढ़ती द्वारा खराब टमाटर देने का विरोध किया। आरोप है कि आढ़ती ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके तथा उसके पुत्र के साथ में मारपीट की और चाकू मारकर उसके पुत्र को घायल कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रधान पर किसान संगठन के पदाधिकारी को धमकाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** किसान संगठन के पदाधिकारी ने एक गांव के प्रधान पर गाली गलौच करने व किसान संगठन के विषय में अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंसूरपुर थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव पुरबालियान निवासी नौशाद बालियान पुत्र आलमदीन ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव कसेरवा के प्रधान प्रवेज आलम ने उसे मैसेंजर पर कॉल करके किसान संगठन के विषय में अभद्र टिप्पणी की और उसके साथ गाली गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सब्जी मंडी से ई रिक्शा चोरी

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** चरथावल सब्जी मंडी से अज्ञात बदमाश एक ई रिक्शा चोरी कर ले गए। इस सम्बन्ध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चरथावल थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में तितावी थाना क्षेत्र के गांव अमीर नगर निवासी संदीप कुमार पुत्र चन्द्रपाल ने बताया कि वह अपनी ई-रिक्शा लेकर चरथावल सब्जी मंडी में आया था, जहां से अज्ञात बदमाश उसकी ई-रिक्शा चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## रामपुर उपचुनाव का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, मतगणना रोकने की मांग

**रामपुर, 7 दिसंबर (वार्ता)।** विधानसभा उपचुनाव का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुलेमान मोहम्मद खान ने याचिका दायर करते हुए चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। कोर्ट इस मामले में गुरुवार को सुनवाई करेगा, जबकि इसी दिन मतगणना भी होनी है। सपा प्रत्याशी आसिम राजा ने चुनाव आयोग से मतगणना पर रोक लगाने की मांग की है। दूसरी ओर पुलिस ने बुधवार शाम अब्दुल्ला समेत सपाइयों के खिलाफ तीन रिपोर्ट दर कर लीं। रामपुर निवासी अधिवक्ता सुलेमान मुहम्मद खान ने अपनी वीडियो जारी कर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की बात कही है। उनका कहना है कि बुधवार शाम चार बजे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बैंच में रामपुर में उपचुनाव के दौरान पुलिस की बर्बरता के खिलाफ रिट पिटीशन और जनहित याचिका दायर की। उनका आरोप है कि पुलिस ने दो दिन पहले मतदान के दौरान लोगों को मारा है, वोट डालने से रोका है और सारे असंवैधानिक कार्य किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पूरी बात को सुना। कल सुबह फिर साढ़े 10 बजे चर्चा करने को कहा है।

# शबाना बनी सरला और नावेद निरंजन

▶ सौ और मुस्लिमों ने फिर से अपना लिया हिंदू धर्म

▶ बघरा के यशवीराश्रम में गंगाजल और यज्ञ संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** बघरा स्थित यशवीराश्रम में मेरठ के 100 मुस्लिमों ने हिंदू धर्म स्वीकार कर लिया। हिंदू धर्म स्वीकारने से पहले गंगाजल आचमन और यज्ञ में आहुति डाली। बघरा स्थित योग साधना केंद्र यशवीर आश्रम में 15 से अधिक परिवारों के 100 सदस्यों के इस्लाम धर्म त्याग फिर से हिंदू धर्म में वापसी करने का दावा किया है। आश्रम के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि 6 वर्ष पूर्व मेरठ के रहने वाले बंजारा जाति के करीब 100 लोगों ने हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। इन परिवारों के 100 लोगों को मुजफ्फरनगर के बघरा स्थित योग साधना केंद्र यशवीर आश्रम में बुलाया गया। इन सभी से स्वेच्छा से हिंदू धर्म में वापसी की इच्छा जताई। इसके बाद आश्रम में हवन यज्ञ में आहुती देकर और गायत्री मंत्र का जाप कर इन सब की पुनः हिंदू धर्म में वापसी करवाई गई। योग साधना केंद्र यशवीर आश्रम में मंगलवार को सुबह परिवार के सभी 100 लोग पहुंच गए थे। आश्रम पहुंचकर इन सभी को पहले गंगाजल आचमन कराया गया। उसके बाद सनातन विधि से यज्ञ करते हुए गायत्री मंत्र का जाप करवाया गया। इसके बाद पुरूषों को मंत्रोचार करते हुए जनेऊ धारण कराया। सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद सनातन धर्म की शपथ दिलाई गई। स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि सनातन धर्म से इस्लाम धर्म में गए सभी लोग उनके संपर्क में आए। जिसके बाद मुस्लिम से हिंदू बन गए। ब्रह्मचारी भृगेंद्र ने हिंदू से मुस्लिम बने लोगों को संकल्प कराया कि अब वे पूरे जीवन हिंदू धर्म में रहेंगे। हिंदू धर्म अपनाने वाले लोगों ने दावा किया कि इस्लाम धर्म से संबंधित बातें बताकर उनका धर्मांतरण कराया गया था। उनसे नमाज पढ़वाई जाती थी। अब उन्होंने हिंदू बनने का फैसला किया और आश्रम में आकर अपना धर्म परिवर्तन किया। धर्मपरिवर्तन के साथ उनके नाम भी बदल दिए गए हैं। इसके बाद शबाना-सरला, इस्लाम-सनातन, साजिद-सोहनवीर, इमरान-जितेंद्र, नाजिया-नीलम, नाजिम-विकास, इकरार- कुलदीप, अशफाक-विवेक, नाहिद, नंद कुमार, रूखसाना-रेखा, सज्जाद-सुधीर, अबरार-अनिल, अब्बास-अरविंद, जावेद-जगबीर, तौफीक-जयभगवान, नाजिम-नीरज, नावेद-निरंजन बन गए हैं।

## पड़ने लगा पाला, अब ठंड करेगी चाला

नगर का एक्यूआई



274

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसंबर (बु.)।** दिसंबर के आगे बढ़ते अब ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सुबह के समय कोहरा और रात में पाले के चलते मौसम में ठिठुरन बढ़ गई है। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 8 से 11 दिसंबर के बीच पहाड़ों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी दे सकता है। इससे कड़ाके की ठंड बढ़ने के आसार हैं। नगर में आज तापमान अधिकतम 24.0 तथा न्यूनतम 8.2 पर आ गया। इसमें आगे और गिरावट का अंदेशा है। नगर में आज एक्यूआई 274 रहने के कारण प्रदूषण की स्थिति भी खतरनाक रही।

शहर में आज सुबह से ही खासी तेज हवा के कारण ठंड महसूस की जा रही है। आज तीन से 11 किमी की गति से हवा चली। इसके साथ ही सुबह के समय धुंध भी दिखाई दे रही है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री रह सकता है। बता दें कि दिल्ली का वातावरण और भी ज्यादा प्रदूषित होता जा रहा है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार दिल्ली में एक्यूआई 329 (बहुत खराब) श्रेणी में है। वहीं, उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में ठंड बढ़ सकती है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बर्फबारी की वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने लगी है। कई हिस्सों में घना कोहरा छाने लगा है। दिसंबर शुरू होने के साथ ही रात में तापमान गोता लगाने लगा है। खासकर, राज्य के पर्वतीय हिस्सों में हाड़ कंपाने वाली ठंड शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा होगा। अगले कुछ दिनों में मैदानी क्षेत्रों में कोहरा तो पहाड़ में पाला गिरने से मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने अनुसार, अगले चार दिन भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान पहाड़ों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में अधिकांश स्थानों पर कोहरा पड़ने की संभावना है। इससे न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस कमी आने की संभावना है।

## बदमाशों ने घर के सामने से बोलेरो पिकअप चोरी की

**मुजफ्फरनगर, 7 दिसम्बर (बु.)।** घर के सामने खड़ी बोलेरो पिकअप अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। भौराकलां थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव शिकारपुर निवासी दिलशाद पुत्र सरवर ने बताया कि उसने अपनी बोलेरो पिकअप गाड़ी अपने घर के सामने खड़ी की थी, जहां से अज्ञात बदमाश उसकी बोलेरो पिकअप चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

आवश्यकता है




ग्रेन चैम्बर हॉस्पिटल में एक एम्बूलेंस ड्राइवर की आवश्यकता है।

वेतन : योग्यतानुसार

-: तुरन्त सम्पर्क करें :-

M. 9927003400

## सपा ने की रामपुर में दोबारा मतदान कराने की मांग

**लखनऊ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** मैनपुरी, रामपुर और खतौली के उपचुनावों के नतीजे कल आएंगे। समाजवादी पार्टी ने रामपुर उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। यहां दोबारा उपचुनाव कराने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखा है। आयुक्त को भेजे गए पत्र में सपा ने आरोप लगाया है कि रामपुर में चुनाव की निष्पक्षता तार-तार हुई है। यहां उपचुनाव में शासन द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली कराई गई है। वोटरों को मतदान से रोका गया। पुलिस की बर्बरता से कई लोग घायल हुए। आयोग को भेजे गए पत्र में पुलिस बर्बरता से जुड़े फोटो भी भेजे गए हैं। लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था की याद दिलाते हुए दोबारा चुनाव कराने की मांग की गई है।

**शेष : कौन जीता कौन हारा....**

प्रकाश व्यवस्था, ईवीएम- वीवीपेट मशीन के रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसएसपी ने समस्त पुलिस बल को समय से ड्यूटी पर पहुंचने, मतगणना के दौरान पूरी गम्भीरता से अपनी ड्यूटी के निर्वहन करने, सभी अधिकारियों के नम्बर अपने पास रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त कर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण रखने, अपना पहचान पत्र एवं ड्यूटी कार्ड साथ रखने व साफ-सुथरी वर्दी पहनने तथा किसी भी राजनैतिक दल/प्रत्याशी पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी न करने हेतु निर्देशित किया गया।

## क्रिकेट की पिच पर दौड़ते समय रुकी धड़कनें

**कानपुर, 7 दिसंबर (वार्ता)।** बिल्हौर के त्रिवेणी गंज मोहल्ले में बीआईसी मैदान में बुधवार को क्रिकेट खेलते समय दसवीं कक्षा का छात्र बेहोश होकर पिच पर गिर पड़ा। परिजनों ने सीएचसी बिल्हौर में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बिना किसी बीमारी के बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, सीएचसी प्रभारी डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया छात्र की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। बलराम नगर त्रिवेणी गंज में पीडब्लूडी सामग्री स्थल के पास अमित पांडेय, पत्नी संगीता और दो पुत्रों अनुज व हर्षित के साथ रहते हैं। उनका बेटा अनुज (16) घर के नजदीक स्थित सूरज मुखी हाईस्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। पिता अमित पांडेय ने बताया कि स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है। बुधवार को छुट्टी होने से सुबह कोचिंग पढ़ने के बाद अनुज घर के पास बीआईसी मैदान में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था। बैटिंग के दौरान शॉट लगने के बाद अनुज रन ले रहा था, तभी बेहोश होकर बीच पिच पर गिर गया। चचेरे भाई अभिषेक पांडेय ने बताया कि दोस्तों ने पानी का छीटा मारकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद बाद परिजनों के साथ सीएचसी ले गए, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अभिषेक ने बताया कि अनुज पढ़ने में बहुत होशियार था, उसे कोई बीमारी भी नहीं थी।



# ट्रेन में हुए बीमार तो रेलवे रखेगा आपका ध्यान

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर (वार्ता)।** ट्रेन में यात्रा के दौरान किसी यात्री का स्वास्थ्य खराब होने पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होना बड़ी समस्या है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर मानक के अनुरूप मेडिकल बाक्स की सुविधा उपलब्ध नहीं है। रेलवे बोर्ड ने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को इस मामले में लापरवाही नहीं करने का निर्देश दिया है। सभी क्षेत्रीय रेलवे से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी गई है। अधिकांश रेलवे स्टेशन या ट्रेन में सिर्फ फर्स्ट एड बाक्स रखा जाता है। इससे बुखार, हल्की चोट या कोई अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्या होने पर यात्रियों को राहत मिल जाती है, लेकिन यदि यात्रा के दौरान कोई गंभीर रूप से बीमार हो जाए तो उसे समय पर जरूरी उपचार नहीं मिल पाता। इस समस्या के समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एम्स की विशेषज्ञ समिति ने दिसंबर, 2017 में रेलवे स्वास्थ्य महानिदेशक को अपनी रिपोर्ट दी थी, जिसमें रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए कई कदम उठाने की बात कही गई थी। रेलवे स्टेशन व परिचालन से संबंधित कर्मचारियों को नियुक्ति के समय प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण अनिवार्य करने, प्रत्येक तीन वर्षों के अंतराल पर भी उन्हें नियमित रूप से प्रशिक्षण देने की सलाह। प्रत्येक ट्रेन और रेलवे स्टेशन पर मेडिकल बाक्स की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। इसमें जीवन रक्षक दवा, चिकित्सा उपकरण, इंजेक्शन सहित उपचार से संबंधित 88 सामग्री होंगी। स्टेशन पर फोल्डिंग स्ट्रेचर की उपलब्ध होनी चाहिए। किसी यात्री के बीमार होने पर ट्रेन में या नजदीकी रेलवे स्टेशन पर डाक्टर की सेवा उपलब्ध होनी चाहिए।

## मासूम का शरीर नोंचते रहे कुत्ते, सिर के पीछे दौड़ती रही पुलिस

**मेरठ, 7 दिसंबर (वार्ता)।** प्रीत विहार दिल्ली से अगवा किए गए पांच साल के मासूम मानव की मेरठ में हत्या कर दी गई। मंगलवार को इंचौली थाना क्षेत्र के मवाना रोड स्थित नंगली ईशा गांव के जंगल में बच्चे का शव मिला। इसे कुत्ते नोंच रहे थे। कुत्तों ने सिर और एक हाथ धड़ से अलग कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के प्रीत विहार से 30 नवंबर को दीपक (19) ने पड़ोसी हीरालाल के मासूम बेटे मानव को अगवा किया था। पुलिस ने आरोपी दीपक को सोमवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। मेरठ में मवाना रोड स्थित नंगली ईशा गांव के जंगल में आरोपी की निशानदेही पर शव टुकड़ों में बरामद किया। घटना के बारे में आरोपी ने अभी कुछ स्पष्ट नहीं किया है। आशंका जताई जा रही है कि तांत्रिक क्रिया के लिए बच्चे की बलि दी गई है। यह मंजर रूह कंपा देने वाला था। नंगली ईशा गांव में जंगल में हत्या कर फेंके गए बच्चे मानव के शव को टुकड़ों में देखकर पिता हीरालाल का कलेजा कांप उठा। मंगलवार सुबह क्षत-विक्षत शव का दृश्य देखना मुश्किल हो रहा था। कुत्ते शव नोंच रहे थे। एक कुत्ता सिर को मुंह में लेकर जंगल में करीब 30 मिनट तक दौड़ता रहा। देर से पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खूंखार कुत्ते से सिर को छुड़वाया। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश था कि पुलिस समय रहते बच्चे का शव तक सुरक्षित नहीं रख पाई।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती मामला : पीएनपी के आदेश का अनुपालन कराने के लिए दो माह का मौका

**प्रयागराज, 7 दिसंबर (वार्ता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में खंडपीठ की ओर से पारित किए गए आदेश का अनुपालन करने के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) अनिल भूषण चतुर्वेदी को दो महीने का समय दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उसकेआदेश की तिथि से दो महीने के भीतर खंडपीठ के 25 अगस्त 2021 के आदेश का अनुपालन किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने रोहिणी पटेरिया की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची के अधिवक्ता राहुल कुमार मिश्रा की ओर से कहा गया कि खंडपीठ ने अपने 25 अगस्त 2021 के आदेश में कहा था, शैक्षिक परिभाषा वाले प्रश्न के चारों विकल्पों को गलत मानते हुए याचियों को एक अंक देकर मेरिट के अनुसार उनका शिक्षक पद पर चयन किया जाए। खंडपीठ के इस आदेश के विरोध में यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई लेकिन उसे राहत नहीं मिली।

## दुल्हन को दूल्हे के सवाल पर बिना बहू के भूखे लौटे बराती

**संभल, 7 दिसंबर (वार्ता)।** दूल्हे की नाक अच्छी नहीं थी। इसकी जानकारी दुल्हन को हुई तो उसने निकाह करने से इनकार कर दिया। यह जानकारी दूल्हा और उसके परिजनों को हुई तो वह घर के बड़ों के पास पहुंचे। पंचायत हुई लेकिन दुल्हन ने निकाह की हामी नहीं भरी। करीब तीन घंटे बाद बरात को लौटना पड़ा। बरातियों को खाना भी नहीं मिला। वह ऐसे ही भूखे चले गए। दूल्हे की नाक अच्छी नहीं होने पर दुल्हन के खफा होने की चर्चा आसपास के गांवों में बनी हुई है। यह मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है। आपसी सहमति से ही समझौता हो गया। असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की दोपहर ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की बरात आई थी। बरात के आने पर स्वागत की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान किसी महिला ने आकर दुल्हन को बताया कि दूल्हे की नाक अच्छी नहीं है। कुछ ही देर में दुल्हन के घर मौजूद लोगों में यह बात चर्चा का विषय बन गई कि दूल्हे की नाक अच्छी नहीं है। इसी बात पर दुल्हन खफा हो गई और परिजनों से कहा कि वह निकाह नहीं करेगी। परिजनों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन दुल्हन निकाह नहीं करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों को दुल्हन की बात को मानना पड़ा और दूल्हे पक्ष को बताया कि यह शादी नहीं हो पाएगी।

# मां-बेटी की हत्या में सपा नेता का कोर्ट में सरेंडर

**कैराना, 7 दिसम्बर (बु.)।** मां-बेटी को जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने के मामले में वांछित सपा छात्रसभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधानपति ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। वहीं, कोर्ट परिसर में जुटे समर्थकों को पुलिस ने दौड़ा दिया।

कांधला थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू के मजरा गढ़ीदौलत निवासी फुरकाना व उसकी बेटी नबिया को बीते 22 सितंबर को जहर देने का आरोप लगा था, जिसमें मां-बेटी की मौत हो गई थी। मामले में प्रधानपति राशिद जंग के अलावा मजाहिर, रफाकत, आबिद, जहूर व महिला जहूरा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने मजाहिर, रफाकत, आबिद और जहूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में ग्राम प्रधान सय्यारा की ओर से प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पत्र भेजा गया था, जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर राजनीतिक षड़यंत्र के तहत मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए सीबीसीआईडी से जांच कराने की मांग की थी। बुधवार को मामले में वांछित प्रधानपति राशिद जंग ने कैराना स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका यादव की कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान उनके अधिवक्ता जानिसार की ओर से जमानत अर्जी भी कोर्ट में दाखिल की गई। वहीं, कोर्ट परिसर में प्रधानपति के समर्थक जुट गए। वह समाजवादी पार्टी छात्रसभा के पूर्व जिलाध्यक्ष भी हैं। पुलिस एवं पीएसी के जवानों ने कोर्ट परिसर में भीड़ जमाकर खड़े समर्थकों को दौड़ा दिया। उधर, कोर्ट ने राशिद जंग को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।